# दो बजे दोपहर

मुंबई, नवी मुंबई, ठाणे, पालघर, रायगढ़, नासिक, पुणे से एक साथ प्रकाशित

पत्रकारिता पावर नहीं रिस्पांसिबिलिटी है


## आधी रात इंडिया में मनी दीवाली

# इंडिया ने साउथ अफ्रीका से टी-20 वर्ल्डकप छीना

### 17 साल का ट्रॉफी का इंतजार खत्म किया

**बारबाडोस।** इंडिया में आधी रात दिवाली मन रही है। रोहित शर्मा की टीम ने वो सपना पूरा कर दिया, जिसका 11 साल से पूरा होने का इंतजार था। साउथ अफ्रीका 177 का टारगेट आसानी से पूरा कर रही थी। लेकिन, गेंदबाजों को ये मंजूर नहीं था। साउथ अफ्रीका के हाथों से जीत छीन ली। टी-20 वर्ल्ड कप इंडिया का है। जीत का हीरो कोई एक नहीं पूरी इंडियन टीम है। सूर्यकुमार का वो कैच तो शायद दशकों तक याद रखा जाएगा, जिसकी बदौलत मिलर पवेलियन लौटे।



### मैच पर एक नजर

बारबडोस से स्टेडियम में इंडिया ने पहले बैटिंग चुनी थी। पावरप्ले में रोहित शर्मा, ऋषभ पंत और सूर्यकुमार के विकेट गिर गए थे। कोहली ने 72 और अक्षर पटेल ने 47 रन की पारी खेली। शिवम दुबे ने तेज रफ्तार से 27 रन बनाकर स्कोर 176 तक पहुंचाया। साउथ अफ्रीकी स्पिनर केशव महाराज और एनरिक नॉर्त्या ने 2-2 विकेट लिए। कगिसो रबाडा और मार्को यानसन ने एक-एक विकेट लिया। जवाबी पारी में साउथ अफ्रीकी टीम 20 ओवर में 8 विकेट पर 169 रन बना सकी। हार्दिक पंड्या ने 3 विकेट झटके। जसप्रीत बुमराह, अर्शदीप सिंह ने 2-2 विकेट लिए। हेनरिक क्लासन ने 27 बॉल पर 52 रन बनाए, जबकि डी कॉक ने 31 बॉल पर 39 रन की पारी खेली। ट्रिस्टन स्टब्स ने 21 बॉल पर 31 और मिलर ने 17 बॉल पर 21 रन का योगदान दिया।

- विधानसभा चुनाव को लेकर बीजेपी की तैयारी तेज
- अगले महीने अमित शाह करेंगे महाराष्ट्र का दौरा

## अमित शाह पुणे में लेंगे बीजेपी नेताओं की बैठक



# 'महाबैठक' में शाह करेंगे व्यूह रचना

- लोकसभा चुनावों में बीजेपी को मिली थीं नौ सीटें
- अक्टूबर के अंत तक विधानसभा चुनाव भी होने हैं



**दोपहर संवाददाता | मुंबई**

लोकसभा चुनावों में हार के बाद केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह अगले महीने महाराष्ट्र का दौरा करेंगे। महाराष्ट्र प्रदेश बीजेपी ने विधानसभा चुनावों की तैयारियों के सिलसिले में एक बड़ी बैठक रखी हैं। इस बैठक को केंद्रीय गृह अमित शाह संबोधित कर करेंगे। बीजेपी ने यह बैठक पुणे में रखी हैं। बीजेपी की राज्य इकाई के प्रमुख चंद्रशेखर बावनकुले ने शनिवार को यह जानकारी दी. लोकसभा चुनावों में विपक्षी गठबंधन महाविकास आघाडी से पिछड़ने के बाद केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने राष्ट्रीय अध्यक्ष जेपी नड्डा के साथ दिल्ली में महाराष्ट्र कोर कमिटी की बैठक ली थी। महाराष्ट्र बीजेपी की तरफ से हार के कारणों पर चर्चा करने के बाद अब पुणे बैठक के लिए तैयारियां की जा रहा है। राज्य में अक्टूबर में विधानसभा चुनाव प्रस्तावित हैं। 288 सदस्यों वाली विधानसभा में बहुमत का आंकड़ा 145 सीटों का है।

### 4,500 पदाधिकारियों की बैठक

महाराष्ट्र बीजेपी के अध्यक्ष चंद्रशेखर बावनकुले के अनुसार पुणे की बैठक में करीब 4,500 पार्टी पदाधिकारी शामिल होंगे। हमने केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह से बैठक को संबोधित करने का अनुरोध किया है और वह पुणे आने के लिए सहमत हो गए हैं। इस बैठक में शाह विधानसभा चुनावों को लेकर पार्टी नेताओं और पदाधिकारियों को विजय मंत्र दे सकते हैं। 2019 के चुनावों में बीजेपी और शिवसेना ने मिलकर चुनाव लड़ा था। बीजेपी को 105 और उद्धव ठाकरे की अगुवाई वाली शिवसेना को 56 सीटों पर जीत मिली थी। महाराष्ट्र विधानसभा चुनाव से पहले इस बैठक को काफी महत्वपूर्ण माना जा रहा है।

### जल्द तय होंगे विधान परिषद कैंडिडेट

महाराष्ट्र बीजेपी के अध्यक्ष चंद्रशेखर बावनकुले से जब यह पूछा गया कि पार्टी विधानपरिषद चुनावों के प्रत्याशियों का ऐलान कब करेगी? तो बावनकुले ने कहा कि आज या कल नामों को अंतिम रूप दे दिया जाएगा। मुझे यकीन है कि हमारा केंद्रीय संसदीय बोर्ड कुछ अच्छे उम्मीदवारों के नाम पर मुहर लगाएगा, जो राज्य के लिए फायदेमंद होगा। बावनकुले ने कहा कि बीजेपी राज्य विधानपरिषद का अध्यक्ष पद लेना चाहेगी, लेकिन हम मुख्यमंत्री एकनाथ शिंदे, उपमुख्यमंत्री अजित पवार और राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन (राजग) के अन्य 11 दलों के साथ इसपर चर्चा करेंगे।

## कांग्रेस ने भी तेज की तैयारी

बीजेपी के अलावा कांग्रेस नेतृत्व भी अभी से अक्टूबर में होने वाले विधानसभा चुनाव की तैयारियों में जुट चुका है. इस हफ्ते कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे और पूर्व अध्यक्ष राहुल गांधी ने पार्टी की महाराष्ट्र इकाई के नेताओं के साथ बैठक की, जिसमें कुछ महीने बाद होने वाले विधानसभा चुनाव की तैयारियों को लेकर चर्चा की गई. मल्लिकार्जुन खरगे ने कहा कि महाराष्ट्र ने इस लोकसभा चुनाव में बदलाव का स्पष्ट संदेश दिया है. पार्टी मुख्यालय में हुई बैठक में कांग्रेस के संगठन महासचिव के सी वेणुगोपाल, प्रदेश कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष नाना पटोले, प्रदेश प्रभारी रमेश चेन्निथला और कई अन्य नेता शामिल हुए.



## अवैध पब-बार और ड्रग्स के खिलाफ बुलडोजर एक्शन



**मुख्यमंत्री एकनाथ शिंदे के आदेश में पूरे मुंबई में कार्रवाई**

### ठाणे से शुरू हुआ अवैध पब और बार के खिलाफ एक्शन

**दोपहर संवाददाता | मुंबई**

विधानसभा चुनावों ओर बढ़ रहे महाराष्ट्र में बुलडोजर एक्शन से हड़कंप की स्थिति है। मुंबई मेट्रोपॉलिटन रीजन (MMR) में अवैध पब, बार और ड्रग्स बिक्री के चिन्हित किए स्थानों पर बुलडोजर एक्शन में अब तक काफी सारे निर्माण ध्वस्त किए जा चुके हैं। राज्य में बुलडोजर एक्शन पर मुख्यमंत्री एकनाथ शिंदे ने साफ कर दिया है कि यह एक्शन पूरे महाराष्ट्र में होगा। राज्य में जहां-जहां पर ड्रग्स बेचा जाता है उन सभी जगहों पर कार्रवाई करने को कहा गया है। शिंदे ने कहा कि हम युवा पीढ़ी को बर्बाद नहीं होने देंगे। उन्होंने कहा कि जो गुनहगार हैं उन्हें छोड़ा नहीं जाएगा। उन्हें जेल में डाला जाएगा और कड़ी कार्रवाई की जाएगी। सिर्फ पुणे में ही नहीं बल्कि महाराष्ट्र में ये ड्रग्स जहां-जहां है वहां हम ड्रग मुक्त कर देंगे।

## पुलिस भर्ती रनिंग के दौरान युवक की हुई मौत

**दोपहर संवाददाता | नवी मुंबई**

नवी मुंबई के बाळेगाव कैंप में पुलिस भर्ती के दौरान एक युवक की जान चली गई है। मृतक का नाम अक्षय बि हाडे बताया जा रहा है और उसकी उम्र 23 वर्ष थी। अक्षय ये जलगांव जिले के अमलनेर का रहनेवाला था। एसआरपी भर्ती ग्रुप नंबर 11 इस जगह दौड़ते समय अक्षय मैदान में गिर पड़ा। इसके बाद उसे तुरंत छत्रपति शिवाजी महाराज हॉस्पिटल में एडमिट किया गया। लेकिन इलाज के दौरान उसकी मौत हो गई। इसके बाद किसी भी तरह की अनुचित घटना को रोकने के लिए इस अस्पताल में स्टेट रिजर्व फोर्स, और पुलिस बल तैनात कर दिया गया है।

## अवैध दोपहिया वाहन साइलेंसर पर बड़ी कार्रवाई

**दोपहर संवाददाता | मुंबई**

मुंबई पुलिस की यातायात शाखा ने अपने अभियान के तहत 10,000 से अधिक प्रेशर हॉर्न और मॉडिफाइड साइलेंसर नष्ट किए हैं। अधिकारियों ने शनिवार को इसकी जानकारी दी। यह कार्रवाई शुक्रवार को की गई। एक अधिकारी ने बताया कि यातायात पुलिस ने मॉडिफाइड साइलेंसर और प्रेशर हॉर्न लगे दोपहिया वाहनों के खिलाफ विशेष अभियान चलाया था। उन्होंने बताया कि 21 मई से 11 जून के बीच शहर भर में चलाए गए अभियान के दौरान 11,636 दोपहिया वाहनों के खिलाफ कार्रवाई करते हुए यातायात पुलिस ने 8,268 प्रेशर हॉर्न और 2,005 संशोधित साइलेंसर जब्त किए।

**10 हजार से अधिक प्रेशर हॉर्न और मॉडिफाइड साइलेंसर किए गए नष्ट**

### 33.31 लाख रुपये का जुर्माना वसूला

अधिकारी ने बताया कि पुलिस ने ऐसे दोपहिया वाहन चालकों से 33.31 लाख रुपये का जुर्माना वसूला। उन्होंने बताया कि सभी प्रेशर हॉर्न और संशोधित साइलेंसर शुक्रवार को यातायात पुलिस मुख्यालय लाए गए और वरिष्ठ पुलिस अधिकारियों की मौजूदगी में उन्हें नष्ट कर दिया गया।

# महाराष्ट्र में फर्जी ड्राइविंग लाइसेंस स्कैम

## 76 हजार ड्राइविंग लाइसेंस मिले फर्जी

**दोपहर संवाददाता | मुंबई**

हाल ही में आरटीओ (क्षेत्रीय परिवहन कार्यालय) के एक ऑडिट में बड़े पैमाने पर फर्जी ड्राइविंग लाइसेंस का खुलासा हुआ है। इस ऑडिट में पाया गया कि लगभग 76,000 ड्राइविंग लाइसेंस फर्जी हैं। यह खुलासा सुरक्षा और यातायात नियमों के पालन के दृष्टिकोण से एक गंभीर मुद्दा है। महाराष्ट्र के महालेखाकार (ऑडिट 2) की ओर से चौंकाने वाला खुलासा हुआ है। इसने कहा है कि मुंबई के अंधेरी स्थित क्षेत्रीय परिवहन कार्यालय (आरटीओ) ने बीते वर्ष 'फर्जी ड्राइविंग टेस्ट' के आधार पर 76 हजार ड्राइविंग लाइसेंस जारी कर दिए।

**1.04 लाख लाइसेंसों की जांच**

आधिकारिक सूत्रों ने शुक्रवार को बताया कि इस खुलासे के बाद आरटीओ ने मामले की जांच शुरू कर दी है। प्रत्यक्ष या अप्रत्यक्ष रूप से ड्राइविंग टेस्ट और ड्राइविंग लाइसेंस (डीएल) के दस्तावेजीकरण से जुड़े कई अधिकारियों पर कार्रवाई की जा सकती है। यह स्कैम ड्राइविंग लाइसेंस के आवेदनों के प्रोसेसिंग के संबंध में सारथी के ऑनलाइन डेटा से 1.04 लाख लाइसेंसों की जांच के दौरान सामने आया। ऑडिट के नतीजे चौंकाने वाले थे। 1.04 लाख लाइसेंसों की जांच की गई।

इसमें से 75 प्रतिशत (76,354 ड्राइविंग लाइसेंस) 2023-2024 में जारी किए गए, जिनमें अमान्य वाहनों पर संदिग्ध ड्राइविंग टेस्ट किए गए थे।

**सालाना 1.20 करोड़ ड्राइविंग लाइसेंस जारी**

आरटीओ पर तंज कसते हुए लेखा परीक्षकों ने कहा कि यह स्पष्ट है कि ड्राइविंग लाइसेंस टेस्ट के लिए दस्तावेज तैयार करते समय न तो उचित प्रक्रियाओं का पालन किया गया और न ही आरटीओ निरीक्षकों की ओर से वाहन की डिटेल का सत्यापन किया गया।

### हजारों चालकों की ड्राइविंग स्किल पर संदेह




ठाणे की सामाजिक कार्यकर्ता बीनू वर्गीस की सूचना के बाद आरटीओ अधिकारियों ने इस मामले का खुलासा करना शुरू कर दिया। अब इसके दूरगामी परिणाम होंगे और सड़कों पर तेज रफ्तार से वाहन चलाने वाले हजारों चालकों की ड्राइविंग स्किल पर संदेह होगा। टू व्हीलर के लिए 41,093 ड्राइविंग लाइसेंस जारी किए गए, वहीं फोर व्हीलर के लिए 35,261। इसमें स्पष्ट रूप से संदिग्ध लेनदेन की संभावना है। लेखा परीक्षकों ने निष्कर्ष निकाला कि लाइसेंस चार पहिया वाहनों के लिए जारी किए गए, लेकिन ड्राइविंग टेस्ट दोपहिया (बाइक) वाहनों पर किए गए।


## 'मुख्यमंत्री तीर्थ दर्शन योजना' का एलान

**मुंबई।** महाराष्ट्र के मुख्यमंत्री एकनाथ शिंदे ने शनिवार को सभी धर्मों के वरिष्ठ नागरिकों के लिए तीर्थयात्रा योजना 'मुख्यमंत्री तीर्थ दर्शन योजना' का एलान किया है। उन्होंने कहा कि यह योजना उन बुजुर्गों की मदद करेगी जो खुद तीर्थ स्थल नहीं जा पाते हैं। शिंदे ने शिवसेना विधायक प्रताप सरनाइक के प्रस्ताव का जवाब देते हुए राज्य विधानसभा में यह घोषणा की। सीएम ने कहा, 'मुख्यमंत्री तीर्थ दर्शन योजना सभी धर्मों के वरिष्ठ नागरिकों के लिए होगी।' उन्होंने कहा कि योजना के लिए नियम बनाए जाएंगे और सरकार सभी धर्मों के वरिष्ठ नागरिकों की तीर्थयात्रा की सुविधा प्रदान करेगी जो अपने दम पर ऐसा करने में असमर्थ हैं।



## तीन अगस्त को होगी राहुल के खिलाफ सुनवाई

**ठाणे।** कांग्रेस नेता राहुल गांधी के खिलाफ महात्मा गांधी की हत्या से आरएसएस को जोड़ने वाले कथित बयान को लेकर जिले की अदालत में दायर मानहानि मामले की सुनवाई तीन अगस्त तक के लिए टाल दी गई है। राहुल के वकील नारायण अय्यर ने बताया कि सुनवाई शनिवार को होनी थी, लेकिन मजिस्ट्रेट छुट्टी पर थे। आरोप है कि राहुल ने 6 मार्च, 2014 को भिवंडी के पास एक चुनावी सभा में कहा था कि आरएसएस के लोगों ने गांधीजी की हत्या की।



# रेल मंत्री अश्विन वैष्णव ने की मानसून तैयारियों की समीक्षा

## ट्रेनों के सुचारू संचालन को सुनिश्चित करने और यात्रियों की सहायता करने के लिए सतर्क रहने का निर्देश

**दोपहर संवाददाता | मुंबई**

रेल मंत्री अश्विनी वैष्णव ने मध्य रेलवे और पश्चिम रेलवे दोनों की मानसून तैयारियों की समीक्षा की। अधिकारियों को ट्रेनों के सुचारू संचालन को सुनिश्चित करने और आपात स्थिति के दौरान यात्रियों की सहायता करने के लिए सतर्क रहने का निर्देश दिया। मुंबई के अपने दौरे के दौरान, वैष्णव ने पश्चिम रेलवे और मध्य रेलवे के वरिष्ठ अधिकारियों के साथ देर रात बैठक की। इसके बाद मध्य रेलवे और पश्चिम रेलवे दोनों ने शनिवार को सामुहिक पत्रकार परिषद लेकर मानसून की तैयारियों के बारे में विस्तार से चर्चा की।

**मंडल रेल प्रबंधकों ने मानसून की तैयारियों के लिए अपनी कार्ययोजनाएं साझा कीं।**

इस दौरान पश्चिम रेलवे और मध्य रेलवे के मंडल रेल प्रबंधकों ने मानसून की तैयारियों के लिए अपनी कार्ययोजनाएं साझा कीं। समीक्षा में माइक्रो-टनलिंग, ड्रोन की तैनाती, नाले की निगरानी के लिए रिमोट-नियंत्रित फ्लोटिंग कैमरे और नए नाले और पुलियों के निर्माण जैसे कार्य शामिल थे। इसके अतिरिक्त, निकट भविष्य में अधिक उपनगरीय और लंबी दूरी की ट्रेनें चलाने की योजनाओं पर चर्चा की गई। बैठक के दौरान मक स्पेशल ट्रेन में संशोधन और पॉइंट मशीनों को जलरोधी बनाने के लिए सुधार जैसे नवाचारों के बारे में भी बताया गया। मध्य रेलवे के डीआरएम रजनीश गोयल ने कहा कि मक स्पेशल ट्रेन और पॉइंट्स की वॉटरप्रूफिंग की अवधारणा, जो मुंबई में शुरू की गई थी, देश के अन्य हिस्सों में भी अपनाई जाएगी। पश्चिम रेलवे के मुख्य जनसंपर्क अधिकारी विनीत अभिषेक ने कहा कि पुलियों, नालों और नालियों की सफाई और गाद निकालना, पटरियों के किनारे कीचड़ और कचरा साफ करना, अतिरिक्त जलमार्गों का निर्माण, उच्च शक्ति वाले पंप लगाना और पेड़ों की छंटाई का काम मिशन मोड पर पूरा किया गया है।

### यात्रियों द्वारा उठाए गए मुद्दों को प्राथमिकता के आधार पर हल करने का भी निर्देश

मध्य रेलवे के मुख्य जनसंपर्क अधिकारी स्वप्निल नीला ने बताया कि तैयारियों की समीक्षा करते हुए रेल मंत्री ने निरंतर सतर्कता की आवश्यकता पर जोर दिया। उन्होंने अधिकारियों को रेल मदद पोर्टल पर यात्रियों द्वारा उठाए गए मुद्दों को प्राथमिकता के आधार पर हल करने का भी निर्देश दिया। रेल मदद पोर्टल रेल यात्रियों को ऑनलाइन, ऐप के माध्यम से या एसएमएस के माध्यम से शिकायत दर्ज करने या सुझाव देने की अनुमति देता है। यह उन्हें अपनी शिकायतों की लाइव स्थिति को ट्रैक करने और समाधान से अपनी संतुष्टि के आधार पर प्रतिक्रिया देने में भी सक्षम बनाता है। उन्होंने कहा कि पोर्टल का उद्देश्य त्वरित और संतोषजनक शिकायत समाधान प्रदान करके रेल यात्रियों के अनुभव को बढ़ाना है।



# विधवा के साथ 30 लाख की धोखाधड़ी

- मृतक पति के दोस्त पर आरोप
- नवी मुंबई पुलिस ने दर्ज किया केस

दोपहर संवाददाता | नवी मुंबई

नवी मुंबई में पुलिस ने पैसों की धोखाधड़ी का केस दर्ज किया है। इस मामले में महिला ने अपने मृतक पति के दोस्त पर 30 लाख रुपए की धोखाधड़ी करने का आरोप लगाया है। फिलहाल नवी मुंबई पुलिस मामले में केस दर्ज करके जांच में जुट गई है।

### पति से अलग बंगलूरु में रहती थी पीड़िता



नवी मुंबई पुलिस के मुताबिक बंगलूरु की रहने वाले 56 वर्षीय महिला ने मृतक पति के नवी मुंबई में रहने वाले दोस्त पर धोखाधड़ी करके 30 लाख रुपये उसके खाते से निकालने का आरोप लगाया है।मामले में महिला ने बताया कि वो उसके पति की ज्यादा शराब पीने की आदत के कारण नवी मुंबई से बंगलूरु रहने चले गए थे। उसने आगे बताया कि उनके पति पहले एक सार्वजनिक क्षेत्र की तेल विपणन कंपनी में वरिष्ठ पद पर थे और उन्होंने 2020 में स्वैच्छिक सेवानिवृत्ति ले ली थी।

### मृतक का कामकाज संभालता था आरोपी

महिला ने पुलिस को दी गई अपनी शिकायत में कहा कि आरोपी अमित सुधीर सिंह उससे अलग रह रहे पति के दैनिक कामकाज को संभालता था। वहीं एफआईआर का हवाला देते हुए पुलिस अधिकारी ने बताया कि अमित सुधीर सिंह ने नवंबर 2023 में महिला को बताया कि उसका पति गंभीर रूप से बीमार है और अस्पताल में भर्ती है। जिसके कुछ दिनों के अंदर उसके पति की मौत हो गई। जब महिला ने अपने पति का फोन मांगा तो आरोपी ने कथित तौर पर टालमटोल की।

### 'पति के मौत के बाद की धोखाधड़ी'

मामले में पीड़ित महिला ने आरोप लगाया कि जब वह अपने पति के बैंक गई तो उसने पाया कि आरोपी ने उसकी मौत के कुछ घंटों के अंदर उसके खाते से 30 लाख रुपये निकाल लिए थे। अधिकारी ने बताया कि महिला ने दावा किया कि आरोपी उसके पति के लिए लेन-देन कर रहा था और उसके पास उसके बैंक खाते की जानकारी भी थी। हालांकि महिला ने मामले में इतने देर से पुलिस से संपर्क करने का कोई कारण नहीं बताया है।

### आरोपी के खिलाफ कई धाराओं में केस दर्ज

वहीं खारघर पुलिस थाने के एक अधिकारी ने मामले में बताया कि महिला की शिकायत के आधार पर पुलिस ने गुरुवार को आरोपी अमित सुधीर सिंह के खिलाफ धारा 404 (मृत्यु के समय मृतक के पास मौजूद संपत्ति का बेईमानी से गबन) और 420 (धोखाधड़ी) के तहत मामला दर्ज किया है।

लापरवाही का एक बड़ा मामला

# डॉक्टरों ने पैर की जगह गुप्तांग का किया ऑपरेशन

दोपहर संवाददाता | ठाणे

ठाणे में डॉक्टरों की लापरवाही का एक बड़ा मामला सामने आया है। एक नौ-वर्षीय लड़के के माता-पिता ने आरोप लगाया कि एक सरकारी अस्पताल के डॉक्टरों ने उनके बेटे के घायल पैर की जगह गुप्तांग की सर्जरी कर दी।



### पूरा मामला समझें

पीड़ित नाबालिग के माता-पिता के आरोप पर एक स्वास्थ्य अधिकारी ने मामले की जांच का आश्वासन दिया है। पुलिस ने कहा कि वे मामले की जांच कर रहे हैं। नाबालिग के माता-पिता ने बताया, पिछले महीने जब नाबालिग बच्चा अपने दोस्तों के साथ खेल रहा था तब उसके पैर में चोट लग गई थी। उसे 15 जून को शाहपुर के उपजिला अस्पताल में भर्ती कराया गया, जहां उसका इलाज चल रहा था। चिकित्सकों ने उसके जख्मी पैर की जगह गुप्तांग की सर्जरी कर दी। उन्होंने कहा कि बाद में अपनी गलती का एहसास होने पर चिकित्सकों ने जख्मी पैर की सर्जरी की। माता-पिता ने शाहपुर पुलिस में भी शिकायत दर्ज कराई है। हालांकि, इस संबंध में अभी तक कोई मामला दर्ज नहीं किया गया है, लेकिन एक पुलिस अधिकारी ने कहा कि शिकायत की जांच चल रही है। जिला सिविल सर्जन डॉ. कैलाश पवार ने कहा कि स्वास्थ्य अधिकारी आरोपों की जांच करेंगे।

- पैर में लगी चोट का इलाज कराने अस्पताल में हुआ था भर्ती

पालघर के बंटी-बबली

# 105 आदिवासी महिलाओं के नाम पर करोड़ों का निकाला लोन

दोपहर संवाददाता | पालघर



पालघर जिले के मनोर इलाके में रहने वाली एक शातिर बंटी बबली की जोड़ी 105 आदिवासी महिलाओं के साथ करोड़ों की ठगी कर फरार हो गई है। रोजगार दिलाने के नाम पर आरोपी महिला ने 105 आदिवासी महिलाओं के नाम पर 1 करोड़ 72 लाख 55 हजार का लोन लिया और चंपत हो गई। जब लोन की किश्त बैंक को नही मिली और वह वसूली के लिए इन महिलाओ तक पहुंची तब उन्हे अपने ठगे जाने का अहसास हुआ। फिलहाल पुलिस आरोपी महिला की तलाश में जुटी हुई है। आरोपी महिला का नाम सुमैया यासर पटेल है और वह फरार है। अब पीड़ित आदिवासी महिलाओं के सामने लाखों रुपये का कर्ज कैसे चुकाएं यह एक बड़ा सवाल खड़ा हो गया है। मिली जानकारी के मुताबिक सुमैया पटेल नामक शातिर महिला ने आदिवासी महिलाओं की अज्ञानता का फायदा उठाया और वाडा, मनोर, विक्रमगढ़ और पालघर जिले की कई निजी बैंकों और क्रेडिट संस्थानों से उनके नाम पर ऋण लिया।

### आदिवासी महिलाओं को परेशान कर रहे हैं बैंक अधिकारी

सुमैया पटेल ने मनोर क्षेत्र की 105 महिलाओं के नाम पर निजी बैंकों और क्रेडिट संस्थानों से महिलाओं को ये झांसा देकर ऋण लिया कि वह इन पैसों से उन्हें रोजगार दिलाएगी, जिससे उनकी आर्थिक स्थिति मजबूत होगी। लोन लेने के लिए गरीब आदिवासी महिलाओं के दस्तावेज और फोटो अलग-अलग बैंकों में जमा कराए गए हैं। इस पर महिलाओं के हस्ताक्षर व अंगूठे लेकर इन आदिवासी महिलाओं के ग्रुप बनाकर प्रत्येक महिला को एक हजार रुपये देकर एक महिला के नाम पर तीन-चार या कई बार ऋण निकाला गया है। लेकिन इन ऋणों की अदायगी न होने पर संबंधित बैंक अधिकारी महिलाओं के घरों पर हंगामा कर रहे हैं, जिससे महिलाओं का जीना मुश्किल हो गया है।

# दुष्कर्म के दोषी को आजीवन कारावास

दोपहर संवाददाता | पालघर



पालघर जिले में एक नाबालिग के साथ 2017 में दुष्कर्म हुआ था। इस मामले में विशेष अदालत ने फैसला सुनाया है। इस मामले में खास बात यह है कि दुष्कर्म पीड़िता बोल पाने असमर्थ थी। फिर भी उसने अदालत में इस तरह बयान दिया कि दोषी को आजीवन कारावास की सजा सुनाई गई। महाराष्ट्र के पालघर जिले में बोल पाने में असमर्थ मानसिक रूप से अशक्त 16 वर्षीय एक किशोरी द्वारा सांकेतिक भाषा में दिए गए बयान के आधार पर उसके साथ दुष्कर्म करने के व्यक्ति को आजीवन कारावास की सजा सुनाई गई।

### अदालत ने कहा- अपराध को देखते हुए अधिकतम सजा जरूरी

यौन अपराधों से बच्चों का संरक्षण (पॉक्सो) अधिनियम के तहत मामलों की सुनवाई करने वाली वसई की एक विशेष अदालत ने मजदूर के रूप में काम करने वाले 48 वर्षीय दोषी को शुक्रवार को आजीवन कारावास की सजा सुनाई। विशेष पॉक्सो न्यायाधीश एसवी कोंगल ने अपने आदेश में दोषी सनेही श्रीकिशन गौड़ पर 10,000 रुपए का जुर्माना भी लगाया। विशेष लोक अभियोजक जयप्रकाश पाटिल ने मुकदमे के दौरान अदालत को बताया कि गौड़ ने अपने पड़ोस में रहने वाली किशोरी के साथ जनवरी 2017 में उस समय दुष्कर्म किया, जब उसके घर में कोई नहीं था। किशोरी ने बाद में इशारों में अपनी मां को यौन उत्पीड़न के बारे में बताया, जिसके बाद उसके परिवार ने गौड़ के खिलाफ पुलिस में शिकायत दर्ज कराई। दोषी शादीशुदा है और उसके दो बच्चे हैं। पाटिल ने कहा कि पीड़िता समेत अभियोजन पक्ष के 9 गवाहों ने अदालत में गवाही दी। पीड़िता ने सांकेतिक भाषा के माध्यम से संवाद किया। अदालत ने कहा कि किशोरी मध्यम स्तर पर मानसिक रूप से अशक्त है और वह "अपराध के अच्छे-बुरे और सही-गलत को नहीं समझ सकती, जो इस कृत्य को गंभीर बनाता है।

पासपोर्ट धांधली मामला

# मुंबई और नासिक में 33 ठिकानों परसीबीआई की छापेमारी

**32 आरोपियों के खिलाफ भ्रष्टाचार के 12 मामले दर्ज**



एजेंसी | मुंबई

सीबीआई ने लोअर परेल और मालाड के पासपोर्ट सेवा केंद्रों (पीएसके)में तैनात पासपोर्ट सहायकों/वरिष्ठ पासपोर्ट सहायकों और एजेंटों/दलालों सहित 32 आरोपियों के खिलाफ भ्रष्टाचार के आरोप में 12 मामले दर्ज किए हैं। इस मामले में मुंबई और नासिक में 33 स्थानों पर छापा मारा मारा गया।सूत्रों के अनुसार इसमें पासपोर्ट दस्तावेज से संबंधित आपत्तिजनक दस्तावेज/ डिजिटल साक्ष्य बरामद हुए हैं। आरोप है कि पीएसके-लोअर परेल और पीएसके-मालाड में क्षेत्रीय पासपोर्ट कार्यालय (आरपीओ) औरविदेश मंत्रालय (एमईए) के अधिकारी दलालों के साथ मिलीभगत कर भ्रष्टाचार में लिप्त हैं। 26 जून को पासपोर्ट सेवा कार्यक्रम प्रभाग (पीएसपी), विदेश मंत्रालय सतर्कता विभाग और आरपीओ मुंबई के अधिकारियों ने संयुक्त रूप से परेल और मालाड आरपीओ में आकस्मिक जांच की थी।

# कमरे की दीवार एवं छत के ढह जाने से एक व्यक्ति की मौत

दोपहर संवाददाता | ठाणे


ठाणे जिले के भिवंडी में एक चॉल की दीवार एवं छत के ढह जाने से 35 वर्षीय एक व्यक्ति की मौत हो गई। पुलिस ने यह जानकारी दी। पुलिस ने बताया कि शुक्रवार को भारी बारिश के बाद यह दुर्घटना हुई। एक अधिकारी ने बताया, 'मृतक की पहचान विमल विश्वेर साह के रूप में हुई है। वह भिवंडी के नारपोली में रहता था। वह बिहार के सीतामढ़ी का रहने वाला था। दोपहर करीब 12 बजे कमरा के दीवार एवं छत ढह जाने से वह मलबे के नीचे दब गया। उसे बाहर निकाला गया और अस्पताल ले जाया गया लेकिन चिकित्सकों ने उसे मृत घोषित कर दिया।' नारपोली पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए सरकारी अस्पताल भेज दिया और दुर्घटनावश मौत का मामला दर्ज कर लिया।

# निवेश के नाम पर व्यक्ति से 46 लाख रुपए की ठगी

- पांच के खिलाफ मामला दर्ज

दोपहर संवाददाता | नवी मुंबई

नवी मुंबई जिले के खारघर के रहने वाले 34 वर्षीय व्यक्ति के साथ साइबर ठगी की बड़ी वारदात सामने आई है। साइबर ठगों ने पीड़ित को ऑनलाइन ट्रेडिंग में बंपर रिटर्न का झांसा देकर 46 लाख रुपए लूट लिए। शिकायत के आधार पर पुलिस ने 5 अज्ञात व्यक्तियों के खिलाफ केस दर्ज किया है।



### एफआईआर दर्ज

खारघर पुलिस थाने के एक अधिकारी ने बताया कि पीड़ित द्वारा दर्ज कराई गई शिकायत के आधार पर पुलिस ने पांच आरोपियों के खिलाफ आईपीसी की धारा 406 (आपराधिक विश्वासघात), 420 (धोखाधड़ी), 419, 34 के साथ-साथ आईटी एक्ट की संबंधित धाराओं के तहत एफआईआर दर्ज कर लिया है।

### मामला समझें

मुंबई के बांद्रा कुर्ला कॉम्प्लेक्स (बीकेसी) में एक कंपनी में काम करने वाले पीड़ित से फरवरी से अप्रैल 2024 के बीच आरोपियों ने संपर्क किया था। उनकी पहचान केवल उनके मोबाइल नंबरों से होती है। आरोपियों ने उसे ऑनलाइन ट्रेडिंग करने और बंपर रिटर्न का लालच दिया था। उन्होंने उसे निवेश और ट्रेडिंग में मदद करने के वादे पर व्हाट्सएप ग्रुप और विभिन्न लिंक उपलब्ध कराए। इस दौरान जालसाजों की मदद से पीड़ित ने निवेश और ट्रेडिंग में 46 l23 लाख रुपए खर्च कर दिए। कुछ दिनों बाद जब उसने अपना खाता चेक किया तो उसने देखा कि उसे अच्छा रिटर्न मिला है। हालांकि, निवेश और कमाई वापस लेने का उसका प्रयास विफल रहा, जिसके बाद उसने जालसाजों से संपर्क किया, जिन्होंने कोई जवाब नहीं दिया। अपने साथ ठगी होने के एहसास के बाद पीड़ित ने पुलिस से संपर्क किया है।

### साइबर ठगी के मामलों में तेजी

बताते चलें कि देश में बीते कुछ वर्षों के दौरान साइबर ठगी के मामलों में तेजी आई है। लोकलसर्किल्स के एक ताजा सर्वे में दावा किया गया है कि बीते 3 साल में 47 फीसदी भारतीयों ने एक या ज्यादा फाइनेंशियल फ्रॉड का अनुभव किया है। यानी कि देश की आधी आबादी इस वक्त साइबर ठगों की पहुंच में हैं। किसी न किसी तरह से ठग लोगों को चूना लगा रहे हैं। इस सर्वे में ये भी कहा गया कि इनमें यूपीआई और क्रेडिट कार्ड से जुड़ी फाइनेंशियल फ्रॉड सबसे आम हैं। आधे से ज्यादा लोगों को क्रेडिट कार्ड पर अनऑथराइज्ड चार्ज लगाए जाने का सामना करना पड़ा है। सर्वे में पिछले 3 साल का डेटा शामिल है। इस आधार पर लोकलसर्किल्स ने कहा है कि 10 में से 6 भारतीय फाइनेंशियल फ्रॉड की सूचना रेगुलेटर्स या लॉ एनफोर्समेंट एजेंसियों को नहीं देते हैं। सर्वे में शामिल लोगों में से 43 फीसदी ने क्रेडिट कार्ड पर फ्रॉड वाले ट्रांजैक्शन की बात कही है। 36 फीसदी ने कहा कि उनके साथ फ्रॉड वाला ट्रांजैक्शन हुआ है। क्रेडिट कार्ड फ्रॉड के बारे में 53 फीसदी लोगों ने अनऑथराइज्ड चार्ज के बारे में बात की है। वहीं आरबीआई के डेटा की बात करें तो 2023-24 में फ्रॉड के मामले 166 फीसदी बढ़ोतरी के साथ 36 हजार से भी ज्यादा रहे हैं। इनमें शामिल रकम 2022-23 के मुकाबले आधी यानी 13 हजार 930 करोड़ रुपए रही है।

खतरनाक हुआ एआई

# पुरुष की आवाज में बात करके छह लाख रुपए से अधिक की ठगी

दोपहर संवाददाता | ठाणे

महाराष्ट्र में ठाणे जिले के काशीमीरा से पुलिस ने एक महिला को पड़ोसी महिला को फोन कर कृत्रिम बुद्धिमत्ता (एआई) के उपयोग से पुरुष की आवाज में बात करके छह लाख रुपये से अधिक की ठगी करने के आरोप में गिरफ्तार किया है। एक अधिकारी ने शनिवार को यह जानकारी दी। उन्होंने बताया कि महिला को बृहस्पतिवार को गिरफ्तार किया गया।



### पड़ोसी ने ही दिया धोखा

पुलिस अधिकारी ने कहा, 'आरोपी महिला रश्मि ने अपनी पड़ोसी महिला को धोखा दिया और खुद को पुरुष बताकर उसे कई किस्तों में 6 l6 लाख रुपए देने के लिए धमकाया। हालांकि पीड़िता ने कभी फोन करने वाले से मुलाकात नहीं की, लेकिन उसने डिजिटल तरीके से पैसे दे दिए।' पूछताछ के दौरान आरोपी महिला ने पुलिस को बताया कि उसे पैसों की तत्काल जरूरत थी, इसलिए उसने ऐसा किया और फोन पर बात करने के दौरान आवाज बदलने के लिए एआई तकनीक का इस्तेमाल किया। पीड़िता की शिकायत के आधार पर पुलिस ने भारतीय दंड संहिता और सूचना प्रौद्योगिकी अधिनियम की धाराओं के तहत मामला दर्ज किया है।

दोपहर एक्सप्लेनर

## इन चार तरीकों से करें AI वॉयस क्लोन फ्रॉड की पहचान

**अचानक से किसी करीबी का कॉल आना:**
यदि आपके पास किसी अपने बेहद ही करीबी का कॉल आता है और वह भी नए नंबर से तो आपको बहुत ही सावधान रहने की जरूरत है। कॉल आने के समय का भी ध्यान रखें।


**इमरजेंसी:**
एआई के जरिए वॉयस को क्लोन करके ये ठग इमरजेंसी के बहाने के साथ कॉल करते हैं। ये आपके किसी जानने वाले की ही आवाज में कहते हैं कि आपका कोई करीबी मुसीबत में है या अस्पताल में है। ऐसे में पैसे की तुरंत जरूरत है।

**बात करने का अंदाज:**
AI से किसी की आवाज की कॉपी तो की जा सकती है लेकिन उसके बात करने का तरीका और अंदाज को कॉपी नहीं किया जा सकता। इस तरह के कॉल को ध्यान से सुनें और तय करें कि रोबोटिक कॉल है या फिर किसी इंसान ने किया है।

**पैसे की मांग:**
यदि कोई फोन कॉल करके आपसे पैसे मांगता है तो सतर्क हो जाएं। इसके अलावा यदि आपसे कोई बैंक अकाउंट की जानकारी भी मांगता हो तो ना दें, भले ही उसकी आवाज आपके किसी जानने वाले से मेल खाती हो।

# क्रेडिट कार्ड वेरिफिकेशन के बहाने 60 हजार की ऑनलाइन ठगी

दोपहर संवाददाता | भिवंडी



भिवंडी शहर व उसके आसपास के क्षेत्र में क्रेडिट कार्ड की हेरा फेरी कर ऑनलाइन ठगी करने का मामला बढ़ता ही जा रहा है। आश्चर्य की बात है कि भिवंडी पुलिस इस तरह की ठगी करने वाले लोगों को पकड़ने में अभी तक नाकामयाब रही है। ऑनलाइन की ठगी के एक मामले में एसबीआई बैंक से लिए गए क्रेडिट कार्ड को सत्यापित करने के लिए, नितिन वर्मा नामक एक नकली व्यक्ति ने खुद को बैंक कर्मचारी बताया और सत्यापन के बहाने चार दिनों में अलग-अलग समय पर कॉल करके ओटीपी पूछकर नौ अलग-अलग लेन देन किए। व्यक्ति द्वारा क्रेडिट कार्ड और उसके जरिए अजय अनंत महाडीक नामक व्यक्ति से 60 हजार 756 रुपए की ऑनलाइन ठगी का मामला सामने आया है। ठगे गए व्यक्ति अजय अनंत महाडीक की शिकायत के आधार पर शांतिनगर पुलिस स्टेशन में उक्त ऑनलाइन धोखाधड़ी के मामले में नितिन वर्मा के खिलाफ मामला दर्ज किया गया है। शांति नगर पुलिस ठगी करने वाले व्यक्ति की सरगर्मी से तलाश कर रही है।

# हुक्का पार्लर पर पुलिस का छापा

- 9 लोगों के खिलाफ मामला दर्ज

दोपहर संवाददाता | भिवंडी

भिवंडी शहर और ग्रामीण इलाकों में बड़े पैमाने पर बिना अनुमति के दर्जनों हुक्का पार्लर चल रहे हैं और कई बार पुलिस की कार्रवाई के बाद भी ये हुक्का पार्लर बिना किसी परेशानी के चल रहे हैं। ऐसे ही एक हुक्का पार्लर पर छापामारी की कार्रवाई करते हुए कुल नौ लोगों के खिलाफ मामला दर्ज किया है। पुलिस की इस छापामारी से अवैध तरीके से हुक्का पार्लर चलाने वाले लोगों में हड़कंप मचा हुआ है।



### बिना परमिशन चल रहा था हुक्का पार्लर

पुलिस द्वारा मिली जानकारी के अनुसार होटल मालिक धीरेन महेश साधवानी ने कोनगांव पुलिस की सीमा में स्ली रूफ टॉप लाउंज होटल की तीसरी मंजिल पर बिना परमिशन के चोरी छुपे हुक्का पार्लर चला रहा था। इसके तीन कर्मचारी वहां आए पांच ग्राहकों को सुगंधित तंबाकू युक्त हुक्का पिलाते पाए गए। इस संबंध में कोनगांव पुलिस ने इन नौ लोगों के खिलाफ विभिन्न धाराओं के तहत मामला दर्ज किया है।

# बारिश के कारण घर की दीवार और छत गिरी

- एक व्यक्ति की मौत

दोपहर संवाददाता | भिवंडी

भिवंडी शहर में मानसून के दौरान खतरनाक इमारत दुर्घटनाओं का एक काला इतिहास है, और ऐसा लगता है कि भिवंडी मनपा प्रशासन की घोर लापरवाही को देखते हुए यह कहना अतिशयोक्ति नहीं होगा कि इसका कोई अंत नहीं है। शहर के नारपोली गांव की सीमा के अंतर्गत एक चाली में एक घर की दीवार और छत गिरने से हुई दुर्घटना में एक व्यक्ति 35 वर्षीय विमल विशेसर साह की दुर्भाग्य से मृत्यु हो गई है।



### महानगरपालिका की लापरवाही उजागर

मिली जानकारी शुक्रवार की सुबह नारपोली गांव में राजाराम पाटिल चाल के एक कमरे में विमल साह रहता था। अचानक कमरे की दीवार और छत ढहने से पूरा मलबा कमरे में मौजूद विमल के शरीर पर गिर गया और उसके नीचे दब गया। घटना की सूचना स्थानीय पुलिस को दी गई। घटनास्थल पर पहुंची पुलिस टीम ने स्थानीय लोगों की मदद से विमल के शव को बाहर निकाला और पोस्टमार्टम के लिए सरकारी अस्पताल भेज दिया। जहां गंभीर रूप से घायल होकर बेहोश हुए विमल को जांच के बाद डॉक्टरों ने मृत्यु घोषित कर दिया। नारपोली पुलिस स्टेशन में अचानक मौत का मामला दर्ज किया गया है।लेकिन यह आश्चर्य और बेहद दुर्भाग्यपूर्ण है कि घटना के 24 घंटे बाद भी मनपा की आपदा प्रबंधन कक्ष या स्थानीय वार्ड समिति नंबर चार में घटना का कोई रिकॉर्ड नहीं था। गंभीर दुर्घटना से भिवंडी महानगरपालिका की एक और लापरवाही उजागर हुई, जिसे लेकर भारी आक्रोश व्याप्त है।



मुंबई, नवी मुंबई, ठाणे, पालघर, रायगढ़, नासिक, पुणे से एक साथ प्रकाशित

दो बजे दोपहर

पत्रकारिता पावर नहीं रिस्पांसिबिलिटी है



अनमोल विचार प्रोफेशनल और पर्सनल लाइफ में संतुलन बनाकर रखें : सी.एन.आर.राव

# दावोस में हुए पिछले तीन साल के करार पर श्वेतपत्र जारी करेंगे : उदय सामंत



**मुंबई।** पिछले तीन सालों में स्विट्जरलैंड के दावोस राज्य सरकार और विभिन्न कंपनियों के बीच हुए सामंजस्य करार (एमओयू) और उसके जरिए महाराष्ट्र में स्थापित निवेश परियोजनाओं के बारे में श्वेत पत्र जारी किया जाएगा। विधान परिषद में राज्य के उद्योग मंत्री उदय सामंत ने यह घोषणा की। शनिवार को सदन में विपक्ष के नेता अंबादास दानवे ने ध्यानाकर्षण प्रस्ताव के जरिए छत्रपति संभाजीनगर के औद्योगिक क्षेत्र ऑरिक सिटी में एमएसएमई उद्योग के निवेश नहीं करने का मुद्दा उठाया था। इस दौरान कांग्रेस के सदस्य अभिजीत वंजारी ने दावोस में हुए करार को लेकर श्वेतपत्र जारी करने की मांग की। इसके जवाब में सामंत ने दावा करते हुए कहा कि पिछले दो सालों में विदेशी निवेश के मामले में महाराष्ट्र पहले स्थान पर है। इस साल दावोस में 3 लाख 72 हजार करोड़ रुपए का सामंजस्य करार हुआ है। नवी मुंबई में जेम्स एन्ड ज्वेलरी पार्क स्थापित होगा। सामंत ने कहा कि ऑरिक सिटी में एमएसएमई उद्योग के लिए जगह आरक्षित की जाएगी।

# मंत्री धनंजय मुंडे पर हमले की धमकी

## कुंडलिक खांडे हुआ गिरफ्तार



दोपहर संवाददाता । मुंबई

महाराष्ट्र के मंत्री धनंजय मुंडे पर हमला करने की धमकी देने के आरोप में पुलिस ने मुख्यमंत्री एकनाथ शिंदे की शिवसेना के बीड जिला अध्यक्ष कुंडलिक खांडे को गिरफ्तार किया है। इस मामले में बीड़ ग्रामीण पुलिस स्टेशन की टीम खांडे से पूछताछ कर रही है। पुलिस के अनुसार बीड़ संसदीय क्षेत्र के लोकसभा चुनाव के दौरान कुंडलिक खांडे ने भाजपा उम्मीदवार पंकजा मुंडे और उनके चचेरे भाई, मंत्री धनंजय मुंडे पर हमला करने और उनकी गाड़ी तोड़ने की धमकी दी थी। इस धमकी का ऑडियो क्लिप दो दिन पहले सोशल मीडिया पर वायरल हुआ था। इसी आधार पर बीड़ ग्रामीण पुलिस ने खांडे के विरुद्ध मामला दर्ज किया था। बीड जिले की स्थानीय अपराध शाखा पुलिस ने बीती रात कुंडलिक खांडे को जलगांव जिले से गिरफ्तार कर लिया और खांडे को बीड ग्रामीण पुलिस को सौंप दिया है। आगे की छानबीन जारी है। बताया जा रहा है कि कुंडलिक खांडे पर पहले भी कई आपराधिक मामले दर्ज हैं।

# दिव्यांगों और निराश्रितों को 5 तारीख तक मिलेगा योजनाओं का पैसा

## वित्त मंत्री अजित पवार ने दिया आश्वासन

दोपहर संवाददाता । मुंबई

सरकार ने राज्य के सामान्य, वंचित-सीमांत, आर्थिक रूप से कमजोर वर्गों के लिए विभिन्न योजनाएं शुरू की हैं। इन योजनाओं का लाभ पात्र लाभार्थियों को समय पर मिलना चाहिए। इसलिए उपमुख्यमंत्री और वित्त मंत्री अजित पवार ने विधानसभा में आश्वासन दिया। विधानसभा में बोलते हुए प्रहार जनशक्ति पार्टी के विधायक बच्चू कडू ने वित्त मंत्री से सवाल किया कि पिछले तीन माह से दिव्यांगों को संजय गांधी निराधार योजना के राशि नहीं मिली है। साथ ही केंद्र सरकार ने भी श्रावण बाल योजना के 200 रुपए पिछले एक साल से नहीं दिए है। इस पर सरकार को ध्यान देना चाहिए।





### ग्राम पंचायत कर्मचारी को नियमित करने की मांग

बच्चू कडू ने कहा कि "रोजगार सेवक और ग्राम पंचायत के कर्मचारी गांव स्तर पर काम करते हैं। उनका वेतन तीन-तीन महीने तक नहीं दिया जाता है। रोजगार सेवक और ग्राम पंचायत कर्मचारी को नियमित सेवा में लाया जाना चाहिए।" गांव में काम करने वाले कर्मचारी के संबंध में निर्णय लिया जाना चाहिए। इस सवाल पर बोलते हुए वित्त मंत्री अजित पवार ने कहा कि श्रावण बाल सेवा राज्य पेंशन योजना, संजय गांधी निराधार सब्सिडी योजना, विकलांग भाइयों के लिए योजनाओं सहित सभी विशेष सहायता योजनाओं का पैसा खातों में जमा करने का निर्देश दिया जाएगा। लाभार्थियों को प्रत्येक माह की 5 तारीख के भीतर ही पैसे दिए जाएं ऐसी व्यवस्था की जाएगी।

### विभागीय सचिव से चर्चा कर हल निकालेंगे

उपमुख्यमंत्री अजित पवार ने आगे कहा कि सत्र में आज का काम खत्म होने के बाद इस मामले पर वित्त विभाग के सचिव से चर्चा की जाएगी। राज्य सरकार ने श्रवणबाल सेवा राज्य पेंशन योजना, संजय गांधी निराश्रित अनुदान योजना, दिव्यांग बंधुओं के लिए योजनाओं सहित सभी विशेष सहायता योजनाओं के लिए पर्याप्त धनराशि का प्रावधान किया है। इसलिए इन योजनाओं से प्राप्त होने वाली वित्तीय सहायता समय पर लाभार्थी के खाते में जमा की जानी चाहिए। उपमुख्यमंत्री अजित पवार ने यह भी कहा कि सभी वित्तीय योजनाओं के लाभार्थियों को हर महीने की 5 तारीख को पैसा दिलाने के लिए कार्रवाई करने का निर्देश दिया जाएगा।

# 10 दिन में सरकार देगी ब्रेकिंग न्यूज: अब्दुल सत्तार

दोपहर संवाददाता । मुंबई



शनिवार को महाराष्ट्र के मंत्री अब्दुल सत्तार ने मराठा-ओबीसी आरक्षण मामले को लेकर बड़ा बयान दिया है। बजट पेश होने के बाद मंत्री सरकार की योजनाओं के बारे में बता रहे थे इस दौरान उन्होंने राज्य में चल रहे आरक्षण विवाद को लेकर भी बात की। मैंने मनोज जरांगे को बधाई देने का संकल्प लिया था। मनोज जरांगे ने जो मांग की है मैं उनका सम्मान करता हूं। जरांगे की मांग पर सरकार गंभीरता से विचार कर रही है। मुख्यमंत्री-उपमुख्यमंत्री 10 दिन में ब्रेकिंग न्यूज देंगे। यह बात मंत्री अब्दुल सत्तार ने मीडिया से चर्चा के दौरान कही।

### बैंकों की मदद करनी चाहिए

उन्होंने कहा कि मैं किसानों की ऋण माफी के लिए एकनाथ शिंदे का बहुत आभारी हूं। सरकार को किसानों के माफ किए गए पैसे का उपयोग करने के लिए जिला बैंक को 100 करोड़ रुपए देने चाहिए। 150 करोड़ का ब्याज किसानों पर बोझ है और इसे कम करने के लिए सरकार को मदद करनी चाहिए। यदि इस मंदिर को बैंकिंग लेनदेन में चलाना है तो सरकार की मदद की आवश्यकता होगी। बैंक को 100 करोड़ रुपए का पैकेज दिया जाए। मंत्री अब्दुल सत्तार ने सरकार से मांग की कि किसानों का दस साल तक माफ किया गया पैसा बैंक को दिया जाए।

### शिंदे सरकार ने अल्पसंख्यकों को सबसे ज्यादा फंड दिया

वित्त मंत्री अजित पवार ने शुक्रवार को बजट पेश करते समय कहा था कि बिजली मुफ्त होगी। पंजाब के बाद महाराष्ट्र ऐसा राज्य होगा जहां बिजली बिल माफ किया जाएगा। अब्दुल सत्तार ने कहा कि किसानों को बिजली बिल नहीं देना होगा। एकनाथ शिंदे सरकार के दौरान अल्पसंख्यक समुदाय को उतना फंड मिला है, जितना आजादी के बाद से कभी नहीं मिला था। अब्दुल सत्तार ने कहा कि अब तक अल्पसंख्यक समुदाय को जो फंड नहीं मिलता था, वह फंड अब मिलेगा।

# विधानभवन की सीढ़ियों पर सत्तापक्ष और विपक्ष का प्रदर्शन

दोपहर संवाददाता । मुंबई

महाराष्ट्र विधानमंडल के वर्षाकालीन सत्र के तीसरे दिन शनिवार को सत्तापक्ष और विपक्ष दोनों ने सीढ़ियों पर एक दूसरे के विरुद्ध प्रदर्शन किया। विपक्ष राज्य सरकार के बजट के विरोध में तो सत्ताधारी शिंदे समूह महाविकास आघाड़ी में सीएम पद को लेकर मतभेद पर प्रदर्शन किया। सत्ताधारी शिंदे समूह के विधायक शनिवार को सुबह विधानभवन की सीढ़ियों पर बैठकर कार्टून के माध्यम से महाविकास आघाड़ी के विरुद्ध नारेबाजी की। इस कार्टून में उद्धव ठाकरे को सीएम की कुर्सी पर बिठाया गया था जबकि कांग्रेस और राकांपा को कुर्सी खींचते हुए दिखाया गया था। शिंदे समूह के विधायक भरत गोगावले ने कहा कि जो कुछ महाविकास आघाड़ी में चल रहा है, हमने सिर्फ उसे दिखाने का प्रयास किया है। हालांकि शिवसेना यूबीटी के विधायक भास्कर जाधव ने तंज कसते हुए कहा कि शिंदे समूह खुद सीएम एकनाथ शिंदे और सरकार से परेशान है, इसी वजह से वे मन से चाहते हैं कि सीएम उद्धव ठाकरे ही बनें। इसी वजह से इन लोगों ने सत्ता में रहते हुए भी प्रदर्शन किया है।

### बजट के विरोध में प्रदर्शन



इसके बाद विधानसभा के नेता प्रतिपक्ष विजय बडेट्टीवार, अंबादास दानवे के नेतृत्व में महाविकास आघाड़ी के विधायकों ने विधानभवन की सीढ़ियों पर राज्य सरकार के बजट के विरोध में प्रदर्शन किया। विपक्ष का कहना था कि राज्य सरकार की ओर से कल पेश किए गए बजट में सिर्फ घोषणाओं की बारिश की गई है। इस बजट से राज्य का कोई हित नहीं होने वाला है। विजय बडेट्टीवार ने कहा कि राज्य सरकार को लोकसभा चुनाव में झटका लगा है।

# पश्चिम रेलवे के बोरीवली तथा राम मंदिर स्टेशनों के बीच जम्बो ब्लॉक

दोपहर संवाददाता । मुंबई



रेलपथ, सिगनलिंग प्रणाली तथा ऊपरी उपस्करों के रख-रखाव हेतु पश्चिम रेलवे द्वारा रविवार, 30 जून, 2024 को 10.00 बजे से 15.00 बजे तक बोरीवली तथा राम मंदिर स्टेशनों के बीच अप तथा डाउन फास्ट लाइनों पर पांच घंटे का जम्बो ब्लॉक लिया जायेगा। पश्चिम रेलवे के जनसंपर्क विभाग से जारी विज्ञप्ति के अनुसार ब्लॉक के दौरान अप तथा डाउन दिशा की सभी फास्ट ट्रेनों को बोरीवली तथा अंधेरी स्टेशनों के बीच धीमी लाइनों पर चलाया जायेगा। ब्लॉक के कारण कुछ उपनगरीय ट्रेनें निरस्त रहेंगी तथा कुछ बोरीवली तथा अंधेरी ट्रेनें गोरेगांव तक हार्बर लाइन पर चलाई जाएंगी। इस ब्लॉक की विस्तृत जानकारी स्टेशन मास्टरों के पास उपलब्ध है।

# पूर्व विधायक को अश्लील वीडियो क्लिप वायरल करने की धमकी

## एक करोड़ रुपए की फिरौती मांगी गई

**मुंबई/अहमदनगर।** महाराष्ट्र में भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के पूर्व विधायक भीमराव धोंडे (69) को अश्लील वीडियो वायरल करने की धमकी देकर एक करोड़ रुपये की फिरौती मांगने का मामला सामने आया है। इस मामले में स्थानीय न्यूज चैनल के रिपोर्टर समेत उसकी दो महिला साथियों के खिलाफ कोतवाली पुलिस स्टेशन में रेप का झूठा मामला दर्ज करने की धमकी और फिरौती मांगने का केस दर्ज कर दिया गया है।

पुलिस थाने में दर्ज शिकायत के मुताबिक आरोपियों ने धोंडे को कहा कि उनके पास उनकी अश्लील वीडियो क्लिप है। अगर उसे सोशल मीडिया पर वायरल नहीं करना है तो एक करोड़ 25 हजार रुपये देने होंगे। साथ ही आरोपियों ने धोंडे का राजनीतिक करियर भी बर्बाद करने और बलात्कार का झूठा मामला दर्ज करने की धमकी दी। शिकायत में यह भी कहा गया है कि आरोपियों जनवरी से लेकर 26 जून के बीच धोंडे को काफी परेशान किया और धमकी दी। आरोपियों ने धोंडे के सहायक जफर शेख से 25 हजार रुपये भी लिए।



### रिपोर्ट और उसकी महिला साथी गिरफ्तार



पूर्व विधायक भीमराव धोंडे की शिकायत पर पुलिस ने ब्लैकमेल करने वाले रिपोर्टर और उसकी दो महिला साथियों के खिलाफ केस दर्ज कर दिया है। पुलिस ने नगर निवासी इस्माइल दर्यानी उर्फ भैया बॉक्सर और उसकी एक महिला साथ को गिरफ्तार कर लिया है। पुलिस इंस्पेक्टर प्रताप दराडे ने संदेह जताया कि यह एक तरह का 'हनीट्रैप' है। सहायक निरीक्षक योगिता कोकाटे अपराध की जांच कर रही हैं।

### कौन है भीमराव धोंडे?

भीमराव धोंडे आष्टी निर्वाचन क्षेत्र से चार बार विधायक रह चुके हैं। वे पहली बार 1980 में निर्दलीय निर्वाचित हुए। इसके बाद वह 1985 से 1995 तक कांग्रेस के विधायक रहे। वहीं, धोंडे 2009 में एनसीपी में शामिल हुए और बाद में मोदी लहर के दौरान 2014 में भाजपा में शामिल हुए और फिर से विधायक बने। हालांकि, 2019 में उन्हें एनसीपी के बालासाहेब अजबे से हार का सामना करना पड़ा था। वह, आगामी विधानसभा चुनाव लड़ने के इच्छुक हैं और भाजपा से प्रबल दावेदार हैं।

# 'विधानसभा चुनाव में भाजपा नीत एनडीए गठबंधन बहुमत हासिल करेगा'

## आशीष शेलार ने किया दावा



दोपहर संवाददाता । मुंबई

भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के मुंबई अध्यक्ष आशीष शेलार ने शनिवार को दावा किया कि अगले विधानसभा चुनाव में भाजपा नीत एनडीए गठबंधन को भारी बहुमत मिलेगा। शेलार ने कहा कि एनडीए गठबंधन के सभी सहयोगी दल साथ मिलकर महाराष्ट्र के हर विभाग में जाएंगे और साथ ही चुनाव प्रचार में भाग लेंगे।

### भाजपा की कोर कमेटी की बैठक



भाजपा की कोर कमेटी की बैठक शनिवार को मुंबई में महाराष्ट्र प्रभारी भूपेन्द्र यादव, सह-प्रभारी अश्विनी वैष्णव और राष्ट्रीय सहकार मंत्री शिव प्रकाश की मौजूदगी में हुई। इस बैठक के बाद आशीष शेलार ने पत्रकारों को बताया कि भाजपा यह चुनाव अपने सहयोगियों के साथ मिलकर लड़ेगी और एनडीए गठबंधन की जीत का रोडमैप तैयार हो चुका है। उन्होंने कहा कि राज्य सरकार के बजट की योजनाओं को सभी साथी सहयोगियों के साथ 288 विधानसभा क्षेत्रों के 700 से अधिक मंडलों में जाकर लोगों को बजट के प्रावधानों के बारे में विस्तृत जानकारी देंगे और बजट के बारे में लोगों का फीडबैक लेंगे। शेलार ने बताया कि बैठक में किसानों, महिलाओं, छात्रों और युवाओं जैसे समाज के सभी वर्गों के लाभ के लिए व्यापक विकास के लिए बजट पेश करने पर राज्य सरकार को बधाई देने का एक प्रस्ताव भी पारित किया गया।

# विधानसभा में सप्ताह में दो दिन सीमित संख्या में आगंतुकों को दी जाएगी अनुमति




दोपहर संवाददाता । मुंबई

महाराष्ट्र विधानसभा के अध्यक्ष राहुल नार्वेकर ने शनिवार को घोषणा की कि विधानमंडल सत्र के दौरान आगंतुकों को एक सप्ताह में केवल दो दिन विधान भवन परिसर में प्रवेश की अनुमति दी जाएगी। नार्वेकर ने विधानसभा को बताया कि आगंतुकों को केवल मंगलवार और बृहस्पतिवार को अनुमति दी जाएगी। उन्होंने कहा कि यह निर्णय परिसर में भीड़ को कम करने और विधानमंडल की सुरक्षा तथा मुख्यमंत्री एवं मंत्रिपरिषद की सुरक्षा सुनिश्चित करने वालों पर दबाव को कम करने के लिए लिया गया है।

# मादक पदार्थों के कारोबार में शामिल लोगों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की जायेगी: शिंदे



दोपहर संवाददाता । मुंबई

महाराष्ट्र के मुख्यमंत्री एकनाथ शिंदे ने शनिवार को कहा कि किसी भी रूप में मादक पदार्थों का कारोबार राज्य में सहन नहीं किया जायेगा। विपक्ष ने पुणे शहर के एक पब में कथित तौर पर मादक पदार्थों के सेवन के लिए कुछ लोगों की गिरफ्तारी के बाद मादक पदार्थों और अन्य प्रतिबंधित पदार्थों के बढ़ते इस्तेमाल को लेकर राज्य सरकार पर निशाना साधा है। शिंदे जिले के देहू में संत ज्ञानेश्वर महाराज की पालकी यात्रा में शामिल होने के बाद पत्रकारों से बात कर रहे थे।

### क्या कहा सीएम ने ?



मुख्यमंत्री ने कहा, ''महाराष्ट्र में किसी भी तरह के मादक पदार्थों के कारोबार को बर्दाश्त नहीं किया जायेगा। सरकार इस पर काम कर रही है और इसमें शामिल सभी लोगों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की जायेगी। मैंने राज्य में स्कूलों और कॉलेजों के निकट स्थित पान की दुकानों को हटाने के आदेश दिए हैं। मैंने पुलिस से उन तस्करों का पता लगाने को भी कहा है जो युवा पीढ़ी को बर्बाद कर रहे हैं। जो अधिकारी (मादक पदार्थ मामलों की जांच करते समय) ढुलमुल रवैया अपनाएंगे, उन्हें निलंबन का सामना करना पड़ेगा।''

## संपादकीय

# आलसी पीढ़ी

प्रतिष्ठित लैंसेट ग्लोबल हेल्थ जर्नल की वह हालिया रिपोर्ट आईना दिखाने वाली है जिसमें पचास फीसदी भारतीयों के शारीरिक श्रम न करने का उल्लेख है। यहां शारीरिक श्रम से अभिप्राय सप्ताह में मध्यम गति की ढाई घंटे की शारीरिक गतिविधि या सवा घंटे की तीव्र गति वाली शारीरिक सक्रियता से है। शारीरिक सक्रियता को पैदल चलने, व्यायाम, सैर, योग, दौड़, जिम या तैराकी आदि के रूप में परिभाषित कर सकते हैं। रिपोर्ट के अनुसार जहां पचास फीसदी वयस्क भारतीय शारीरिक श्रम से दूर हैं तो महिलाओं की स्थिति ज्यादा चिंता बढ़ाने वाली है। उनकी निष्क्रियता का प्रतिशत 57 है। वैसे अकेले पुरुषों की निष्क्रियता का प्रतिशत 42 है। विडंबना यह है कि जैसे-जैसे समाज में शहरीकरण के चलते उपभोक्तावाद का विस्तार हुआ है, हमारी शारीरिक निष्क्रियता में इजाफा हुआ है। हम आरामदायक जीवन-शैली के आदी होते गये हैं। आशंका है कि वर्ष 2000 में भारतीयों में जो शारीरिक निष्क्रियता 22 फीसदी थी, वह वर्ष 2030 तक बढ़कर साठ फीसदी तक हो सकती है। यानी देश की साठ फीसदी आबादी गैर-संचारी रोगों मसलन डायबिटीज और हृदय रोगों के खतरे के दायरे में आ जाएगी। यहां उल्लेखनीय है कि भारतीयों में अनुवांशिक रूप से मधुमेह व हृदय रोग होने की आशंका अन्यों के मुकाबले कहीं ज्यादा है। जिसका निष्कर्ष है कि शारीरिक रूप से निष्क्रिय रहने से हम इन बीमारियों को और जल्द आमंत्रित कर रहे हैं। चिंता की बात यह भी है कि जहां दुनिया में औसत शारीरिक निष्क्रियता पांच फीसदी बढ़कर 31 फीसदी हुई है, वहीं भारत में बढ़कर पचास फीसदी हो गई है। विश्व स्वास्थ्य संगठन सहित शोधकर्ताओं का मानना है कि भारत एशिया प्रशांत में उच्च आय वर्ग वाले देशों में निष्क्रियता के क्रम में दूसरे स्थान पर है। जहां तक महिलाओं की शारीरिक निष्क्रियता का प्रतिशत पुरुषों से अधिक यानी 57 फीसदी होने का प्रश्न है, तो उसके मूल में भारतीय पारिवारिक संरचना व सांस्कृतिक कारण भी हैं। घर-परिवार संभालने वाली महिलाओं में धारणा है कि घर का काम-काज ही शारीरिक सक्रियता का मापदंड है। जबकि यह समस्या की व्यावहारिक व्याख्या नहीं है। निस्संदेह, लैंसेट ग्लोबल हेल्थ जर्नल की हालिया रिपोर्ट आंख खोलने वाली है। यह जानते हुए भी कि भारत लगातार मधुमेह और हृदय रोगों की राजधानी बनने की ओर अग्रसर है। दरअसल, आजादी के बाद देश में आर्थिक विकास को गति मिली है। भले ही हम अपेक्षित लक्ष्य हासिल न कर पाए हों, औसत भारतीय के जीवन स्तर में सुधार जरूर आया है। आर्थिक समृद्धि ने हमें सुविधाभोगी बनाया है। इस संकट की वजह शहरीकरण और जीवन के लिये जरूरी सुविधाओं का घर के आस-पास उपलब्ध हो जाना भी है। पहले देश की साठ फीसदी से अधिक आबादी कृषि व उससे जुड़े कार्यों में सक्रिय थी। मेहनतकश किसान को कोई शारीरिक श्रम करने की जरूरत नहीं थी । लेकिन धीरे-धीरे कृषि में भी आधुनिक यंत्रों व तकनीकों ने शारीरिक श्रम की महत्ता को कम किया है। किसान संस्कृति से बड़ी संख्या में निकले लोगों ने शहरों को अपना ठिकाना बनाया, लेकिन वे शारीरिक सक्रियता को बरकरार नहीं रख पाये। नौ से पांच की ड्यूटी करने वाले भी दफ्तर व घर के होकर रह गये। कहीं न कहीं सुविधाओं के विस्तार ने भी हमें आलसी बनाया। कुछ दूर पर सब्जी-फल लेने जाने पर भी हम वाहनों का इस्तेमाल करते हैं। ऐसा भी नहीं है कि शहरों में स्वास्थ्य चेतना का विकास नहीं हुआ, लेकिन इसके बावजूद शहरों के पार्कों में सुबह गिने-चुने लोग ही नजर आते हैं। विडंबना यह है कि इलेक्ट्रॉनिक मीडिया के प्रसार और उसके बाद सोशल मीडिया की जकड़ में आने के बाद लोग देर रात सोने व देर से उठने के फेर में फंस गये हैं। सुबह के समय, जब लोगों को व्यायाम, सैर, योग व दौड़ लगानी चाहिए, वे सो रहे होते हैं। शरीर की प्राकृतिक घड़ी का चक्र बिगड़ने से दिन भर आलस्य बना रहता है। आज लोग कुछ न करने के बावजूद बहुत व्यस्त रहते हैं। लोग यदि अपने लिये रोज आधा घंटा भी निकाल सकें तो स्वस्थ रहने का मंत्र हासिल कर सकते हैं। यह हमारी आदत का हिस्सा बन जाना चाहिए।

# मनोरंजन के बाजार में वायरल संस्कृति का दौर



योगेश के. समदर्शी

सनसनी से खलबली, खलबली से टीआरपी, टीआरपी से एमआरपी और एमआरपी से कमाई- आज के दौर में इंटरटेनमेंट इंडस्ट्री इसी सूत्र पर कार्य करती दिखाई दे रही है। यूट्यूब और सोशल मीडिया पारंपरिक मीडिया पर हावी हो चुका है। अब ये सोशल मीडिया सलेब्रिटी दे रहा है। बहुत दिन नहीं हुए हैं जब हमारे बीच सलेब्रिटी या तो टीवी के सीरियल से आते थे या उससे भी पहले केवल फिल्मों के अभिनेता ही सलेब्रिटी कहलाते थे। इसके अतिरिक्त कुछ पॉलिटिशियन, बिजनेसमेन, खिलाड़ी, गायक, कलाकार, या कुछ अन्य विशिष्ट योग्यता रखने वाले ही प्रसिद्ध व्यक्तित्व के रूप में उभरते थे। दौर बदला तो कुछ क्राइम की दुनिया के लोग भी प्रसिद्धि पाने लगे।

इंटरनेट के मोबाइल पर उतर आए जलवे ने सोशल मीडिया टर्म का विकास किया। आज के दौर में हर व्यक्ति के हाथ में उसका मीडिया तंत्र है। इस तंत्र में व्यक्ति चाहे तो दर्शक बन सकता है और चाहे तो मीडियाकर्मी भी। यह दौर वायरल का दौर है। कौन, कब और कैसे वायरल होगा- इसका कोई सैद्धांतिक पक्ष अभी निर्धारित नहीं हो पाया है। पहले लोग जिस फील्ड में प्रसिद्ध होते थे तो उसके लिए बहुत मेहनत करते थे। किंतु आज यूट्यूब, फेसबुक, इंस्टाग्राम जैसे प्लेटफॉर्म्स ने यह मिथक तोड़ दिया है। अब तो कोई कुछ भी कह कर या बेच कर फेमस यानी सलेब्रिटी बन सकता है।

हाल ही में ओटीटी प्लेटफॉर्म पर बिग बॉस के ओटीटी सीरीज नं.-3 की शुरुआत हुई। यह तो विदित है कि यह शो सलेब्रिटीज के लिए ही है। इसमें प्रसिद्ध शख्सियतों को एक मकान में बंद रखा जाता है। उनकी हर गतिविधि पर सैकड़ों कैमरे नज़र रखते हैं। उनके वास्तविक व्यवहार को ही इस शो का कंटेंट बनाया जाता है। और 24 घंटे इनकी हरकतों व व्यवहार को जनता के सामने परोसा जाता है। इस सब से ही टीआरपी डेवलप की जाती है। बड़े-बड़े कॉर्पोरेट संस्थानों से विज्ञापन ले कर यह शो करोड़ों के वारे-न्यारे करता है। शो में आने वाले सलेब्रिटीज प्रति सप्ताह के अच्छे-खासे बजट पर इसमें शामिल होते हैं। इस बार के शो में भी कुछ विख्यात और तो कुछ कुख्यात शख्सियतों का इसमें जमघट है। इस शो में आने वाले सलेब्रिटी हमेशा ही विवादों में रहने वाली शख्सियतें होती हैं। इस बार जो सीजन-3 प्रारंभ हुआ है उसके सभी प्रतिभागी किसी न किसी कारण से वायरल हुए लोग ही हैं। अपवाद को छोड़ दें, तो इनमें से ज्यादातर की व्यक्तिगत उपलब्धि इतनी ही है कि ये बहुत कम समय में प्रसिद्ध हो गये या विवादित हो गये। या किसी न किसी कंट्रोवर्सी का हिस्सा बन गये। इसके अतिरिक्त इनमें से अधिकतर की कोई नैतिक भूमिका समाज की कोई दिशा-दशा तय करने में नहीं ही रही।

वैसे तो बिग बॉस का ओटीटी शो हो या प्राइम टाइम में चलने वाला शो जिसके होस्ट सलमान खान रहते हैं- दोनों में ही अकसर कंट्रोवर्सियल व्यक्तियों को शामिल किया जाता है। वजह यह कि उनके झगड़े, तेवर, बेहूदगी, वाहियात व अश्लील हरकतें, फूहड़ बयानबाजी, गाली-गलौज, तू-तड़ाक, अहंकार के टकराव, बड़बोलापन, और जितनी भी बदतमीजियां हो सकती हैं, वही इस शो का मूल कंटेंट होता है, जिसे टीवी या अब ओटीटी के माध्यम से समाज को दिखाया जाता है।

यह शो समाज के हित में तो किसी भी तरह नहीं कहा जा सकता। यूं भी इंटरटेनमेंट मीडिया ने अपना नैतिक जिम्मेदारी का पथ तो कब का छोड़ दिया है। इंटरटेनमेंट के चक्कर में फिल्मी डायलॉग वाला सिद्धांत ही सब मानने लगे हैं कि इंटरटेनमेंट का मतलब है- इंटरटेनमेंट, इंटरटेनमेंट और इंटरटेनमेंट। चाहे वह इंटरटेनमेंट फूहड़ बयानों से आये या अश्लील हरकतों से। समाज इन दृश्यों को देख कर कहां जाएगा? कहां जाना चाहिए और कैसा समाज इस तरह के शो से बनेगा इसकी चिंता करने का जिम्मा इंटरटेनमेंट मीडिया ने अलग रख दिया है। नये सीजन में जो लोग आ रहे हैं उनमें ज्यादातर यूट्यूब या सोशल मीडिया के माध्यम से प्रसिद्ध हुए हैं।

इस बार बिग बॉस के ओटीटी सीजन-3 की होस्टिंग झकास अभिनेता अनिल कपूर कर रहे हैं। शो का जो फॉर्मेट है और जैसा कंटेंट शो को चाहिए होता है -हो हल्ले वाला, गाली-गलौज व लड़ाई-झगड़े वाला- इसके लिए सब मजबूत किरदार घर यानी शो के स्थल में प्रवेश पा चुके हैं। समाज को ये किरदार क्या देंगे ऐसे प्रश्न यूं भी आज के दौर में बेबुनियाद लगते हैं। हमारा इंटरटेनमेंट मीडिया तंत्र आदर्श और नैतिक किरदारों को पैदा करने की नीयत से अमूमन कभी कोई शो बनाता ही नहीं है। यहां तो हर किसी को सनसनी फैलानी है। नैतिकता की छाती पर सनसनी और फूहड़ता के कई झंडे गड़ चुके हैं। 'महंगाई के जमाने में शुद्धता की उम्मीद न रखो'- ये उक्ति मीडिया और इंटरटेनमेंट की मार्केट के बारे में भी प्रकारांतर से इस तरह कही जा सकती है कि इंटरटेनमेंट के दौर में नैतिकता और मानवीय मूल्यों की उम्मीद लगभग बेमानी है।

## सहज योग

# चैतन्य आपके अंदर बह रहा है




**गणेश तक पहुंचना बहुत कठिन बात है, बहुत कठिन बात है क्योंकि बड़ी पवित्र आत्मा हैं। और उनका प्रकाश चारों तरफ फैल रहा है। उसके अंदर जाने के लिए हमें बहुत ही स्वच्छ होना पड़ता है तभी हम उसके अन्दर उतरते हैं।**

हम पूना में गए थे, वहां कुछ ऐसे महामूर्ख लोग थे, उन्होंने पेपर में कहीं निकाला कि ये लोग तो हाथ को ऐसे-ऐसे श्रीमाताजी कर रही थी तो वो सबकी मिसमराइज कर रही हैं। उनसे एक साहब ने सवाल पूछा, वहां पर कि उनकी क्या जरूरत पड़ी मिसमराइज करने की? क्या उनको कोई धंधा नहीं? कहने लगे हम तो मिसमराइज हो नहीं सकते, कहने लगे आप हो ही नहीं सकते। उनके तरह का मिसमराइज होना पड़ेगा। इतने तरह तरह के लोग हैं, दुनिया में जिनको समझ नहीं है। क्योंकि आपके अन्दर ये चैतन्य आ गया। आपके अंदर से बह रहा है। आपने इसे देखा हुआ है, इसकी पुष्टि की आपको जरूरत है, लेकिन आपने तेजस्विता नहीं पाई। यही आपमें और बड़े-बड़े साधु संतों में यहीं अंतर है। आपने वो तेजस्विता अभी पाई नहीं जो प्रखर होती है, जो अपनी शक्ति पर अटूट खड़ी रहती है, जो डरती नहीं, ये कहने के लिए कि यही सत्य है बाकी सब असत्य है और मिथ्या है वो क्राइस्ट जैसे आदमी के अंदर वो कृष्ण के अंदर और बहुत बड़े-बड़े संत साधुओं में ये चीज पाई जाती है वो आप आदिशंकराचार्य में पाइए। इसकी पुष्टि के लिए आप उनकी किताबें पढ़िए। अब नए सिरे से आप पढ़िए, अब ही vibrations होगा। माने सिर्फ पवित्रता के बिल्कुल पुंज हैं। क्योंकि He is an eternal child, अनन्त के बालक हैं। उनके जैसा बालक संसार में मिलना मुश्किल है। सिर्फ पावित्र्य ही पावित्र्य है, उनका सारा प्यार ही पवित्रता है और उस पावित्र्य की वजह से आपके मूलाधार चक्र पर, चक्र पर, मूलाधार पर तो मां बैठी हुई हैं, उनको बिठाया है। इसका मतलब ये है कि सेक्स के मामले में आपको एक छोटे से बच्चे जैसा होना होगा। इसका अर्थ ये नहीं कि सेक्स का लाइफ में कोई स्थान नहीं। इसका अर्थ ये है कि सेक्स के मामले में जब आप धर्म में उतरते हैं उस वक्त अपने सेक्स के प्रति विचार हैं, जैसे बालक के अबोध होते हैं वैसे होने चाहिए। इसका अर्थ ये है। गणेश तक पहुंचना बहुत कठिन बात है, बहुत कठिन बात है क्योंकि बड़ी पवित्र आत्मा हैं। और उनका प्रकाश चारों तरफ फैल रहा है। उसके अंदर जाने के लिए हमें बहुत ही स्वच्छ होना पड़ता है तभी हम उसके अन्दर उतरते हैं। नहीं तो वो और उनकी मां के सिवाय वहां कोई बैठता नहीं। उसके बाद दूसरा चक्र लेकर के वो जब आए तब उन्होंने ब्रह्मदेव की रचना करी, किंतु वो उन्होंने करी उल्टे ढंग से पहले उन्होंने श्री विष्णु को पैदा किया। उसकी वजह ये कि पहले creation करने से पहले ही एक पालनकर्त्ता पहले ही बना दिया। इसलिए नाभि चक्र से हमें भी अपनी मां से ही पहले पैदा किया जाता है। और फिर इस पिता स्वरूप बाप को बनाने के बाद क्योंकि पहले बाप बना दिया उन्होंने और उसके बाद उनकी नाभि से श्री ब्रह्मदेव की रचना हुई। बिल्कुल हुआ, ऐसे ही हुआ जैसे खूंटे बिठाए जाते हैं, इसी तरह से हुआ। इसमें झूठ कुछ नहीं, आप खुद देख सकते हैं बात अब भवसागर बन गया भवसागर की तैयारी हो गयी, सारा void तैयार हो गया, Vagus Nerve और Aortic Plexus चारों तरफ भवसागर के उसके अन्दर से बहने वाला प्यार, creation उसी में फंस गई।

प्रस्तुति : धीरज सिंह

## शख्सियत — वैद्यनाथ मिश्र

# अपनी रचनाओं से किया नई ऊर्जा का संचार



**हिंदी साहित्य में विशेष स्थान रखने वाले वैद्यनाथ मिश्र प्रगतिशील आदर्शों के महान कवि और प्रसिद्ध लेखक थे। नागार्जुन का असली नाम वैद्यनाथ मिश्र था, जिन्हें उनके चाहने वाले नागार्जुन और जनकवि कहकर संबोधित करते थे। हिंदी साहित्य में उन्होंने मैथिली भाषा में 'यात्री' और 'नागार्जुन' जैसी महान कृतियों का संपादन किया। नागार्जुन हिंदी और मैथिली के कवि थे जिन्होंने अपनी रचनाओं से लोगों में नई ऊर्जा का संचार किया और जनचेतना का प्रसार किया।**

वैद्यनाथ मिश्र (नागार्जुन) का जन्म 30 जून 1911 को भारत के बिहार के दरभंगा जिले के तरौनी गांव में एक मध्यम वर्गीय ब्राह्मण परिवार में हुआ था। उन्होंने अपना अधिकांश दिन अपनी मां के गांव बिहार के मधुबनी जिले के सतलखा में बिताया। बाद में उन्होंने बौद्ध धर्म अपना लिया और उन्हें 'नागार्जुन' नाम मिला।

उन्होंने 1930 के दशक की शुरुआत में यात्री के उपनाम से मैथिली कविताओं के साथ अपने साहित्यिक करियर की शुरुआत की। 1930 के दशक के मध्य तक उन्होंने हिंदी में कविता लिखना शुरू कर दिया। पूर्णकालिक शिक्षक की उनकी पहली स्थाई नौकरी उन्हें सहारनपुर (उत्तर प्रदेश) ले गई, हालांकि वे वहां ज्यादा समय तक नहीं रह सके क्योंकि बौद्ध धर्म ग्रंथों को गहराई से जानने की उनकी इच्छा उन्हें श्रीलंका के केलानिया में बौद्ध मठ में ले गई। जहां 1935 में, वह एक बौद्ध भिक्षु बन गए, मठ में प्रवेश किया और शास्त्रों का अध्ययन किया, जैसा कि उनके गुरु राहुल सांकृत्यायन ने पहले किया था, और इसलिए उन्होंने 'नागार्जुन' नाम अपनाया। मठ में रहते हुए उन्होंने लेनिनवाद और मार्क्सवाद विचारधाराओं का भी अध्ययन किया, 1938 में किसान सभा के संस्थापक, प्रसिद्ध किसान नेता, सहजानंद सरस्वती द्वारा आयोजित 'समर स्कूल ऑफ पॉलिटिक्स' में शामिल होने के लिए भारत लौटने से पहले। स्वभाव से घुमक्कड़ नागार्जुन ने 1930 और 1940 के दशक में अपना काफी समय भारत भर में यात्रा करते हुए बिताया।


महाकवि नागार्जुन ने अपनी रचनाओं में बड़ी सरलता से आम आदमी के दर्द को भावनात्मक रूप से अभिव्यक्त किया है और राजनीति में भी उन्होंने अपने विचार व्यक्त किए हैं। आपको बता दें कि नागार्जुन किसानों और मजदूर वर्ग की समस्याओं को गहराई से समझते हैं और अपने कार्यों के माध्यम से उनके प्रति भावनात्मक संवेदना व्यक्त करते हैं। उन्होंने आजादी से पहले और आजादी के बाद भी कई जन जागरण आंदोलनों में हिस्सा लिया। 1939 और 1942 के बीच, बिहार में किसान आंदोलन का नेतृत्व करने के लिए उन्हें एक ब्रिटिश अदालत ने जेल में डाल दिया था। आजादी के बाद वह लंबे समय तक पत्रकारिता से जुड़े रहे।

## जीवन ऊर्जा

सी.एन.आर.राव, जन्म- 30 जून 1934 — जन्म

**चिंतामणि नागेसा रामचन्द्र राव एफआरएस, जिन्हें सी.एन.आर. राव के नाम से भी जाना जाता है, एक भारतीय रसायनज्ञ है। उनका जन्म 30 जून 1934 को बेंगलुरु में हुआ था। राव के पास दुनिया भर के 60 विश्वविद्यालयों से मानद डॉक्टरेट की उपाधि है, और उन्होंने लगभग 1,600 शोध प्रकाशन और 51 किताबें लिखी हैं। 16 नवंबर 2013 को, भारत सरकार ने उन्हें भारत के सर्वोच्च नागरिक पुरस्कार भारत रत्न के लिए चुना, जिससे वे सीवी रमन और एपीजे अब्दुल कलाम के बाद तीसरे वैज्ञानिक बन गये।**


# कभी सीखना मत छोड़ो




कभी सीखना मत छोड़ो। अधिक ज्ञान प्राप्त करने की प्यास कभी ख़त्म नहीं होनी चाहिए। प्रोफेशनल और पर्सनल लाइफ में संतुलन बनाकर रखें। अपने परिवार और उन चीज़ों के लिए समय निकालें जिनमें आपकी रुचि है। उन दिनों गरीब शिक्षकों और गरीब पुलिसकर्मियों के ही सबसे ज्यादा बच्चे होते थे। लेकिन मेरे पिता एक तरह की परिवार नियोजन में विश्वास करते थे। तब उन्हें परिवार नियोजन शिक्षक के रूप में जाना जाता था। आईआईएससी की स्थितियां अमेरिकी केंद्रों से मेल नहीं खाती थीं, लेकिन अंधेरे को कोसने से बेहतर है कि एक मोमबत्ती जला दी जाए। आप सेना, पुलिस और इस तरह की चीज़ों पर ध्यान देते हैं। विज्ञान पर कौन ध्यान देता है? जब मुझे डैन डेविड पुरस्कार मिला, जो नोबेल के समान है और इज़राइल द्वारा कुछ वर्षों में एक बार दिया जाता है, तो किसी ने इसके बारे में बात नहीं की। किसी ने मुझसे इस बारे में कुछ नहीं पूछा। न कोई जानता है और न ही कोई समझता है। यह विज्ञान की दुनिया में इतना प्रतिष्ठित है लेकिन किसी ने इसके बारे में क्यों नहीं लिखा? मैं उन सामग्रियों पर भी काम कर रहा हूं जिन पर दुनिया में कभी काम नहीं किया गया, ग्रह पर पूरी तरह से नई प्रकार की सामग्रियां हैं।

मुझे अपने लिए इतनी चिंता नहीं है, मैं काम करता रहूंगा।' लेकिन मुझे दूसरों की चिंता है। हमेशा नई अंतर्दृष्टि प्राप्त करें, सही प्रश्न पूछने में संकोच न करें। मेरे लिए संगीत उपचारात्मक है।

## सर्वसिद्ध श्री बगलामुखी तारा महाशक्ति पीठ बिजाना शाजापुर मध्य प्रदेश



# धर्म आपके जीवन को सुलभ और सुखमय कर देते हैं



धर्म और अधर्म ये दोनों शब्द पुराने समय में प्रचलित थे। धर्म का मतलब कुछ सही करना होता है। मतलब की बिना किसी को नुकसान पहुंचाए कोई सही काम नहीं करना। अधर्म का मतलब है जल्द ही काम करना या किसी को नुकसान पहुंचाना।

हम धर्म की रक्षा करेंगे तो धर्म हमारी रक्षा करेगा धर्मोरक्षति रक्षित

- दुधारू पशु को इंजेक्शन देकर दूध निकालना अधर्म है।
- दुधारू पशु के बच्चे को उचित दूध ना देकर उस पशु का दूध पीना भी अधर्म है।
- गर्भ निरोधक गोलियां खिलाकर पत्नी के गर्भ में बच्चों को मारना अधर्म है।
- अन्न को नाली में बहाना भी अधर्म है।
- घर में स्वच्छता ना रखना भी अधर्म है।
- घर में आये मेहमान का सम्मान ना करना अधर्म है।
- वर्णाश्रम के अनुसार समय पर बच्चों का विवाह ना करना अधर्म है।
- सूर्य उदय के पश्चात् उठना भी अधर्म है।
- शयन के स्थान पर भोजन करना अधर्म है।
- शरीर को स्वच्छ ना रखना भी अधर्म है।
- अग्नि - कन्या - ब्राह्मण - गौ को पैर से स्पर्श करना भी अधर्म है।
- मदिरा - जुआ - चोरी और मांसाहार भी अधर्म है।
- अपने हित के लिए दूसरों का अहित करना अधर्म है।
- माता-पिता की सेवा ना करना और उनकी आज्ञा का उचित पालन ना करना भी अधर्म है।
- बच्चों को शिक्षा और संस्कार ना देना भी अधर्म है।
- तप और पुरुषार्थ ना करके भाग्य के भरोसे बैठना भी अधर्म है।
- असंयमित जीवन जीना और वासनाओं में सदैव अनुरक्त रहना भी अधर्म है।
- दान देने में सक्षम ना होकर भी अच्छे कार्यों के लिए दान ना देना भी अधर्म है।

जैसे अधर्म अनेक प्रकार के हैं वैसे ही धर्म भी अनेक और अलग अलग हैं।

धर्म जीवन को सापेक्ष बनाने वाले आपके आपेक्षिक कर्म हैं।

धर्म वो कर्तव्य हैं, जो आपके जीवन को सुलभ और सुखमय कर देते हैं।



**पंडित कैलाशचंद्र शर्मा**
वैदिक सनातन संस्कृति के प्रचारक
व सर्व सिद्ध श्री बगलामुखी तारा
महाशक्ति पीठ के संस्थापक।
मो. नं. 9425980556

## प्रेरक प्रसंग

# मन

सुबह होते ही, एक भिखारी नरेन्द्रसिंह के घर पर भिक्षा मांगने के लिए पहुंच गया। भिखारी ने दरवाजा खटखटाया, नरेन्द्रसिंह बाहर आये पर उनकी जेब में देने के लिए कुछ न निकला। वे कुछ दुखी होकर घर के अंदर गए और एक बर्तन उठाकर भिखारी को दे दिया। भिखारी के जाने के थोड़ी देर बाद ही वहां नरेन्द्रसिंह की पत्नी आई और बर्तन न पाकर चिल्लाने लगी- 'अरे! क्या कर दिया आपने चांदी का बर्तन भिखारी को दे दिया।

दौड़ो-दौड़ो और उसे वापिस लेकर आओ। नरेन्द्रसिंह दौड़ते हुए गए और भिखारी को रोककर कहा- भाई मेरी पत्नी ने मुझे जानकारी दी है कि यह गिलास चांदी का है, कृपया इसे सस्ते में मत बेच दीजिएगा। वहीं पर खड़े नरेन्द्रसिंह के एक मित्र ने उससे पूछा- मित्र! जब आपको पता चल गया था कि ये गिलास चांदी का है तो भी उसे गिलास क्यों ले जाने दिया? नरेन्द्रसिंह ने मुस्कुराते हुए कहा- मन को इस बात का अभ्यस्त बनाने के लिए कि वह बड़ी से बड़ी हानि में भी कभी दुखी और निराश न हो!

मन को कभी भी निराश न होने दें, बड़ी से बड़ी हानि में भी प्रसन्न रहें। मन उदास हो गया तो आपके कार्य करने की गति धीमी हो जाएगी। इसलिए मन को हमेशा प्रसन्न रखने का प्रयास करें।

## सुविचार




यह अखबार "माध्यम कार्पोरेट सर्विसेज लि. " के लिए प्रकाशक, मुद्रक एवं संपादक अरुणलाल द्वारा ग्राउंड फ्लोर, ऑफिस नं. 2, के. के. चैम्बर्स, पुरुषोत्तमदास ठाकरदास रोड, फोर्ट, मुंबई- 400001 से प्रकाशित एवं सोमानी प्रिंटिंग प्रेस, गाला नं. 4, एन.के.इंडस्ट्रियल इस्टेट, इनसाइड प्रवासी इंडिस्ट्रयल इस्टेट गेट नं. 2, गोरेगांव पू., मुंबई-63 से मुद्रित। फोन नं. 022-66555719 ईमेल : indiagroundreport@gmail.com कार्यकारी संपादक : राजा आदाटे (पी.आर.बी. अधिनियम के अंतर्गत खबरों के चयन के लिए जिम्मेदार)।

# चकराता का परिचय



**च**कराता भारत के उत्तराखंड राज्य में एक शांत हिल स्टेशन है। लगभग 2,118 मीटर की ऊंचाई पर स्थित, यह अपनी शांत सुंदरता, हरी-भरी हरियाली और सुहावने मौसम के लिए जाना जाता है। प्रकृति प्रेमियों, रोमांच चाहने वालों और व्यस्त शहरी जीवन से एक शांत छुट्टी की तलाश करने वालों के लिए चकराता एक आदर्श स्थान है।

## घूमने का सबसे अच्छा समय

चकराता घूमने का सबसे अच्छा समय मार्च से जून और सितंबर से नवंबर तक है। इन महीनों के दौरान, मौसम ठंडा और सुहावना होता है, जो इसे दर्शनीय स्थलों की यात्रा और बाहरी गतिविधियों के लिए आदर्श बनाता है। मानसून के मौसम (जुलाई से अगस्त) के दौरान यहाँ जाने से बचें क्योंकि भारी बारिश से भूस्खलन हो सकता है।

## वहां कैसे पहुंचें

चकराता सड़क मार्ग से अच्छी तरह से जुड़ा हुआ है। यह उत्तराखंड की राजधानी देहरादून से लगभग 90 किलोमीटर दूर है। निकटतम हवाई अड्डा देहरादून में जॉली ग्रांट हवाई अड्डा है, और निकटतम रेलवे स्टेशन भी देहरादून में है। देहरादून से, आप चकराता पहुंचने के लिए टैक्सी किराए पर ले सकते हैं या बस ले सकते हैं।

## करने योग्य चीज़ें

**टाइगर फॉल्स:** भारत के सबसे ऊंचे झरनों में से एक, टाइगर फॉल्स ज़रूर जाना चाहिए। पानी लगभग 312 फ़ीट की ऊंचाई से नीचे गिरता है, जो एक आश्चर्यजनक दृश्य बनाता है। आप झरने तक ट्रेक कर सकते हैं, जो जंगल के बीच से एक सुखद और आसान पैदल यात्रा है।

**चिलमिरी नेक:** यह चकराता का सबसे ऊंचा स्थान है और यहां से आसपास के पहाड़ों और घाटियों के लुभावने दृश्य दिखाई देते हैं। यह फ़ोटोग्राफ़ी और सूर्योदय या सूर्यास्त का आनंद लेने के लिए एक बेहतरीन जगह है।

**बुधर गुफाएं:** ये प्राचीन चूना पत्थर की गुफाएं अन्वेषण के लिए एक साहसिक स्थान हैं। गुफाएं गहरी और रहस्यमयी हैं, जो उन्हें
आगंतुकों के लिए एक रोमांचकारी अनुभव बनाती हैं।

**देवबन:** एक घना जंगल वाला इलाका, देवबन प्रकृति की सैर और पक्षियों को देखने के लिए एकदम सही है। जंगल में कई तरह की वनस्पतियां और जीव-जंतु पाए जाते हैं, और यहां से नज़ारे शानदार दिखते हैं।

**कनासर:** अपने हरे-भरे घास के मैदानों और ऊंचे देवदार के पेड़ों के लिए जाना जाने वाला कनासर पिकनिक और कैंपिंग के लिए एक बेहतरीन जगह है। शांतिपूर्ण वातावरण और प्राकृतिक सुंदरता इसे आगंतुकों के बीच पसंदीदा बनाती है।

**हनोल मंदिर:** चकराता से लगभग 100 किलोमीटर दूर स्थित, हनोल मंदिर भगवान महासू को समर्पित है। यह सुंदर वास्तुकला वाला एक प्राचीन मंदिर है और स्थानीय लोगों के लिए एक महत्वपूर्ण धार्मिक स्थल है।

## कहां ठहरें

चकराता में बजट होटलों से लेकर आरामदायक रिसॉर्ट तक कई तरह के आवास विकल्प उपलब्ध हैं। कुछ लोकप्रिय विकल्पों में शामिल हैं:

**होटल स्नो व्यू:** अपने आरामदायक कमरों और सुंदर दृश्यों के लिए जाना जाता है।

**ब्लू कैनवस रिज़ॉर्ट:** आधुनिक सुविधाओं के साथ अधिक शानदार ठहरने की तलाश करने वालों के लिए एक अच्छा विकल्प।

**रामताल रिज़ॉर्ट:** प्रकृति प्रेमियों के लिए आदर्श, प्रकृति के करीब एक देहाती ठहरने की पेशकश करता है।

# बारिश के मौसम में घर की नमी को करें दूर



**बा**रिश के मौसम में घर में नमी बढ़ने से असुविधा, फफूंद लगना और आपके सामान को नुकसान हो सकता है। नमी कम करने और घर के अंदर आरामदायक माहौल बनाए रखने के लिए, यहाँ प्रभावी और सरल तरीके दिए गए हैं:

### 1. डीह्यूमिडिफ़ायर का इस्तेमाल करें:

- डीह्यूमिडिफ़ायर एक ऐसा उपकरण है जो हवा से नमी को हटाता है।
- इसे उन जगहों पर रखें जहाँ नमी सबसे ज़्यादा हो, जैसे कि बेसमेंट या बाथरूम।
- पानी की टंकी को नियमित रूप से खाली करें ताकि यह कुशलतापूर्वक काम करे।

### 2. वेंटिलेशन:

- घर के अंदर नमी कम करने के लिए उचित वेंटिलेशन ज़रूरी है।
- बारिश रुकने पर खिड़कियाँ और दरवाज़े खोलें ताकि ताज़ी हवा अंदर आ सके।
- नमी वाली हवा को बाहर निकालने के लिए किचन और बाथरूम में एग्जॉस्ट फैन का इस्तेमाल करें।

### 3. एयर कंडीशनिंग:

- एयर कंडीशनर हवा को ठंडा करके और नमी को हटाकर नमी को कम करने में मदद करते हैं।
- सुनिश्चित करें कि आपके एयर कंडीशनर का रखरखाव ठीक से हो और फ़िल्टर साफ़ हों।
- यदि उपलब्ध हो तो "ड्राई मोड" सेटिंग का उपयोग करें, जो ठंडा करने के बजाय नमी को कम करने पर ध्यान केंद्रित करता है।

### 4. पंखे का उपयोग करें:

- छत के पंखे और पोर्टेबल पंखे हवा को प्रसारित करने और नमी को कम करने में मदद कर सकते हैं।
- नमी वाली हवा को बाहर धकेलने में मदद करने के लिए पंखे को खुली खिड़कियों की ओर रखें।

### 5. डेसिकेंट्स से नमी को सोखें:

- सिलिका जेल, एक्टिवेटेड चारकोल या कैल्शियम क्लोराइड जैसे डेसिकेंट्स नमी को सोख सकते हैं।
- इन्हें अलमारी और कैबिनेट जैसी छोटी, बंद जगहों पर रखें।
- जैसे ही वे नमी से संतृप्त हो जाएँ, उन्हें नियमित रूप से बदलें।

### 6. घर के पौधे:

- फ़र्न और स्पाइडर प्लांट जैसे कुछ घर के पौधे हवा से नमी को सोखने में मदद कर सकते हैं।
- पौधों को ज़्यादा पानी न दें, क्योंकि इससे घर के अंदर नमी बढ़ सकती है।

### 7. रिसाव और गैप को सील करें:

- खिड़कियों, दरवाज़ों और छत में किसी भी तरह के रिसाव या गैप के लिए अपने घर का निरीक्षण करें।
- नमी को अंदर आने से रोकने के लिए इन गैप को वेदर स्ट्रिपिंग या कोल्क से सील करें।
- सुनिश्चित करें कि आपके घर का इन्सुलेशन नमी के स्तर को कम रखने के लिए पर्याप्त है।

### 8. गीले सामान को बाहर सुखाएँ:

- गीले कपड़े, तौलिये और अन्य नम सामान को घर के अंदर की बजाय बाहर लटकाएँ।
- घर के अंदर की हवा में नमी को रोकने के लिए बाहर की ओर वेंट वाले कपड़े सुखाने वाले ड्रायर का उपयोग करें।

### 9. घर के अंदर पानी का उपयोग कम करें:

- कम समय तक नहाएँ और भाप को निकालने के लिए एग्जॉस्ट पंखे का उपयोग करें।
- अतिरिक्त नमी को रोकने के लिए पाइप, नल और उपकरणों में किसी भी लीक को ठीक करें।

### 10. आर्द्रता के स्तर की निगरानी करें:

- घर के अंदर नमी के स्तर को मापने के लिए हाइग्रोमीटर का उपयोग करें।
- इष्टतम आराम और स्वास्थ्य के लिए नमी के स्तर को 30-50% के बीच रखने का लक्ष्य रखें।

इन सुझावों का पालन करके, आप घर के अंदर की नमी को प्रभावी ढंग से कम कर सकते हैं और बारिश के मौसम में भी आरामदायक रहने का माहौल बनाए रख सकते हैं।

# बारिश में जमकर मजा लें वेजिटेबल पकोड़े का



**कु**रकुरे, सुनहरे और स्वाद से भरपूर, सब्जी के पकौड़े एक बारिश के मौसम में पसंदीदा नाश्ता है। बरसात के दिनों या त्यौहारों के लिए एकदम सही, ये तले हुए व्यंजन बनाने में आसान हैं और बेहद स्वादिष्ट होते हैं। नीचे जानते हैं सब्जियों के पकोड़े बनाने की विधि।

### सामग्री:

- 1 कप बेसन
- 1/2 कप पानी
- 1 चम्मच नमक
- 1/2 चम्मच हल्दी पाउडर
- 1/2 चम्मच लाल मिर्च पाउडर
- 1/2 चम्मच गरम मसाला
- 1/2 चम्मच जीरा
- 1/2 चम्मच बेकिंग सोडा
- 1 कप मिक्स सब्जियां (आलू, प्याज, पालक, फूलगोभी, आदि)
- तलने के लिए तेल

### निर्देश:

#### 1. सब्जियां तैयार करें:

- सब्जियों को धोकर छील लें।
- आलू और प्याज को पतले-पतले टुकड़ों में काट लें।
- पालक और फूलगोभी को छोटे-छोटे टुकड़ों में काट लें।

#### 2. बैटर बनाएं:

- एक बड़े कटोरे में बेसन, नमक, हल्दी पाउडर, लाल मिर्च पाउडर, गरम मसाला और जीरा मिलाएं।
- मिश्रण में धीरे-धीरे पानी डालें और लगातार चलाते हुए चिकना, गाढ़ा घोल तैयार करें।
- बेकिंग सोडा डालें और अच्छी तरह मिलाएँ। इससे पकौड़े कुरकुरे बनते हैं।

#### 3.तेल गरम करें:

- एक गहरे फ्राइंग पैन में तेल डालें और इसे मध्यम आँच पर गरम करें। जब घोल की एक बूँद चटक कर सतह पर आ जाए तो तेल तैयार है।

#### 4. सब्जियों को कोट करें:

- कटी हुई सब्जियों को घोल में डुबोएँ, सुनिश्चित करें कि वे अच्छी तरह से कोट हो गई हैं।

#### 5. पकौड़े तलें:

- घोल में लिपटी हुई सब्जियों को सावधानी से गरम तेल में डालें। बहुत ज़्यादा न होने के लिए बैचों में तलें।
- पकौड़ों को सुनहरा भूरा और कुरकुरा होने तक तलें, हर बैच में लगभग 4-5 मिनट।
- पकौड़ों को निकालने के लिए एक स्लॉटेड चम्मच का उपयोग करें और उन्हें अतिरिक्त तेल निकालने के लिए एक पेपर टॉवल पर रखें।

#### 6. परोसें:

- अपनी पसंदीदा चटनी या सॉस के साथ गरमागरम परोसें। पुदीने की चटनी, इमली की चटनी या केचप बेहतरीन विकल्प हैं।

सब्ज़ियों के पकौड़े एक स्वादिष्ट, कुरकुरे नाश्ते हैं जो चाय के समय या ऐपेटाइज़र के रूप में परफ़ेक्ट हैं। इन्हें ताज़ा और गर्मागर्म खाएँ!

# राशिफल

प्रियंका जैन

**मेष:** भूमि व भवन संबंधी बाधा दूर होगी। बड़े सौदे बड़ा लाभ दे सकते हैं। आय में वृद्धि होगी। परीक्षा व साक्षात्कार आदि में सफलता प्राप्त होगी। निवेश शुभ रहेगा। भाग्य का साथ रहेगा। नौकरी में अनुकूलता रहेगी।

**वृष:** मान-सम्मान मिलेगा। यात्रा मनोरंजक रहेगी। किसी मांगलिक कार्यक्रम में भाग लेने का अवसर प्राप्त होगा। विद्यार्थी वर्ग सफलता प्राप्त करेगा। स्वादिष्ट भोजन का आनंद प्राप्त होगा।

**मिथुन:** व्यर्थ भागदौड़ रहेगी। समय का अपव्यय होगा। दूर से दुःखद समाचार प्राप्त हो सकता है। विवाद से क्लेश होगा। काम में मन नहीं लगेगा। लेन-देन में जल्दबाजी न करें। किसी व्यक्ति विशेष से अनबन हो सकती है।

**कर्क:** कीमती वस्तुएं संभालकर रखें। शारीरिक कष्ट संभव है। परिवार के किसी सदस्य के स्वास्थ्य की चिंता रहेगी। कोई ऐसा कार्य न करें जिससे कि नीचा देखना पड़े। आर्थिक उन्नति के प्रयास सफल रहेंगे।

**सिंह:** शत्रु शांत रहेंगे। वाणी पर नियंत्रण रखें। दूर से शुभ समाचार प्राप्त होंगे। आत्मविश्वास में वृद्धि होगी। घर में प्रतिष्ठित अतिथियों का आगमन हो सकता है। व्यय होगा। जोखिम उठाने का साहस कर पाएंगे।

**कन्या:** भाग्योन्नति के प्रयास सफल रहेंगे। रोजगार प्राप्ति सहज ही होगी। व्यावसायिक यात्रा से लाभ होगा। अप्रत्याशित लाभ हो सकता है। निवेशादि शुभ रहेंगे। कारोबार में वृद्धि के योग हैं। किसी बड़ी समस्या का हल प्राप्त होगा।

**तुला:** व्यापार-व्यवसाय अच्छा चलेगा। शत्रु शांत रहेंगे। ऐश्वर्य पर खर्च होगा। मान-सम्मान मिलेगा। अप्रत्याशित खर्च सामने आएंगे। कर्ज लेना पड़ सकता है। पुराना रोग उभर सकता है। वाणी पर नियंत्रण रखें।

**वृश्चिक:** प्रेम-प्रसंग में अनुकूलता रहेगी। शुभ समाचार मिल सकता है। शारीरिक कष्ट संभव है। अज्ञात भय रहेगा। लेन-देन में सावधानी रखें। चिंता रहेगी। बकाया वसूली के प्रयास सफल रहेंगे।

**धनु:** आराम का समय मिलेगा। आशंका-कुशंका रहेगी। कीमती वस्तुएं संभालकर रखें। नई योजना बनेगी। कार्यप्रणाली में सुधार होगा। कारोबारी नए अनुबंध हो सकते हैं, प्रयास करें। आय में वृद्धि होगी।

**मकर:** यात्रा मनोनुकूल लाभ देगी। राजभय रहेगा। जल्दबाजी व विवाद करने से बचें। थकान महसूस होगी। किसी के व्यवहार से स्वाभिमान को ठेस पहुंच सकती है। कोर्ट व कचहरी के काम अनुकूल रहेंगे।

**कुंभ:** आज मान-सम्मान के योग बनेंगे। वाहन व मशीनरी के प्रयोग में सावधानी रखें। कीमती वस्तुएं संभालकर रखें। शारीरिक शिथिलता रहेगी। काम में मन नहीं लगेगा। किसी अपने का व्यवहार प्रतिकूल रहेगा।

**मीन:** कष्ट, भय व चिंता का वातावरण बन सकता है। विवेक से कार्य करें। समस्या दूर होगी। कानूनी अड़चन दूर होकर स्थिति मनोनुकूल बनेगी। किसी वरिष्ठ व्यक्ति का मार्गदर्शन प्राप्त होगा। कारोबारी लाभ में वृद्धि होगी।

# सरकारी नौकरी लगने का योग जाने कब तक और कैसे लगेगा


**स**रकारी नौकरी पाने की चाहत किसे नहीं होती। लेकिन क्या सभी को सरकारी नौकरी मिल पाती है।

नहीं. लेकिन ऐसा क्यों होता है। दरअसल, ऐसा राशि के योग के कारण होता है।

आपकी राशि में यदि सरकारी नौकरी का योग है तो आपको वह जरूर प्राप्त होगा। लेकिन अगर सरकारी नौकरी का योग नहीं है तो आप चाह कर भी उसे प्राप्त नहीं कर पाएंगे।

जानिये किन ग्रहों के कारण बनता है सरकारी नौकरी का योग और साथ में यह भी जानिये कि क्या आपकी राशि में है सरकारी नौकरी का योग जानिये।

सरकारी नौकरी पाने के लिए प्रयास तो जरूरी है ही पर अगर भाग्य का भी साथ हो तो राह और आसान हो जाती है। आइए, जानते हैं कि ज्योतिष में सरकारी नौकरी के योग कब बनते हैं? वैसे तो नौकरी का मुख्य कारक शनि होता है पर नौकरी पाने में अन्य पाप ग्रहों की भी भूमिका होती है। कुंडली का छठवां और ग्यारहवां भाव नौकरी से सीधे सम्बंधित होते हैं।






प्रियंका जैन
9769994439

इनके स्वामी भी नौकरी पाने में बड़ी भूमिका निभाते हैं। कुंडली में अग्नि और पृथ्वी राशियां नौकरी पाने में खूब सहायता करती हैं।

कब मिलती है सरकारी नौकरी?

- जब कुंडली में सूर्य या चन्द्रमा में से कोई एक मजबूत हो
- ..जब कुंडली में पञ्च महापुरुष योग में से एक या ज्यादा योग हों।
- जब शनि की स्थिति मजबूत हो और शनि की साधे साती या ढैया चल रही हो
- हाथ में सूर्य की दोहरी रेखा हो
- हाथ में बृहस्पति के पर्वत पर क्रास हो

कब आती है सरकारी नौकरी मिलने में बाधा?

- जब बृहस्पति की स्थिति काफी ज्यादा मजबूत हो
- जब कुंडली में ग्रहण योग या गुरु गुरु चांडाल योग हो
- जब कुंडली में शनि का सम्बन्ध धन स्थान से हो
- जब हथेलियों का रंग कालापन लिए हुए हो या इनके बीच में तिल हो
- जब हाथ में सूर्य का वलय हो या भाग्य रेखा टूटी हो

सरकारी नौकरी पाने के सरल उपाय क्या हैं?

- नित्य प्रातः अपने माता पिता के चरण स्पर्श करें
- उगते हुए सूर्य को जल अर्पित करें
- प्रातः और सायं 108 बार गायत्री मंत्र का जाप करें
- सलाह लेकर एक माणिक्य अथवा नीलम धारण करें- हल्के लाल रंग का खूब प्रयोग करें।

## खबर संक्षेप

### अवैध खनन करते आरोपी गिरतार, डंपर जब्त

**बस्सी।** सरकार की ओर से अवैध खनन व परिवहन पर कार्रवाई के आदेशों के बाद पुलिस की ओर से चलाए जा रहे अभियान के तहत नरैना पुलिस ने एक जने को गिरतार कर डंपर जब्त किया है। सांभर सीओ सारिका खंडेलवाल के सुपरविजन में नरैना थानाप्रभारी दिलीप सिंह के नेतृत्व में अवैध खनन के आरोप में गिरधारी गुर्जर निवासी पालड़ी थाना रूपनगढ़ जिला अजमेर को गिरतार किया है।

### बेटी ने फ्रेंड के साथ मिलकर अपने ही घर में कर दी चोरी

**बस्सी।** चार दिन पहले नरैना के साखून गांव में नकदी चोरी के मामले में चौंकाने वाला खुलासा हुआ है। जब पुलिस ने मामले की जांच की तो पता चला कि बेटी ने चोरी की वारदात को अपने दोस्त के साथ मिलकर अंजाम दिया था। इस पर पुलिस ने आरोपी युवक व युवती को गिरतार किया है। जानकारी के मुताबिक सोमवार को जगदीश माली के घर से बक्से के ताले तोड़कर दो लाख सत्तर हजार रुपए की चोरी हो गई थी। थाना प्रभारी दिलीप सिंह ने बताया कि वारदात को पीड़ित जगदीश माली की पुत्री अंजना ने अपने दोस्त जयंत प्रजापत (23) निवासी छोटाबास साखून के साथ मिलकर की। इसके बाद चोरी किए गए रुपए जयंत को दे दिए। जयंत व अंजू ने घर में बक्से के कपड़े बिखेर कर चोरी होने का नाटक रचा जिससे उन पर शक ना हो। पुलिस ने साइबर एक्सपर्ट की मदद से वारदात का खुलासा किया।

### राजस्थान विधानसभा सत्र के लिए सुरक्षा के कड़े इंतजाम

**जयपुर।** 16वीं राजस्थान विधानसभा का द्वितीय सत्र बुधवार 3 जुलाई से आरंभ होगा। विधानसभा सचिवालय ने सत्र के संबंध में सभी आवश्यक व्यवस्थाओं का प्रबंध कर लिया है। सत्र के दौरान विधानसभा की सुरक्षा के विशेष इंतजाम किए गए हैं। अध्यक्ष वासुदेव देवनानी ने सत्र से संबंधित की जाने वाली व्यवस्थाओं की समीक्षा की। विधानसभा सत्र के दौरान विभिन्न विभागों द्वारा किए जाने वाले कार्यों के लिए विभागीय अधिकारियों के साथ प्रमुख सचिव महावीर प्रसाद शर्मा ने चर्चा की। विभिन्न विभागों के अधिकारियों द्वारा कार्यों की प्रगति रिपोर्ट विधान सभा को प्रस्तुत की जा रही है।

विधानसभा सत्र के दौरान फोटोयुक्त प्रवेश पत्र ही मान्य होगा। फोटोयुक्त क्यूआर कोड प्रवेश पत्र से ही अधिकारी एवं कर्मचारी विधान सभा में प्रवेश कर सकेंगे। क्यूआर कोड के स्कैन करने पर ही फ्लैग बैरियर खुलेगा। जिससे आगंतुक विधानसभा में प्रवेश कर सकेंगे। विधानसभा भवन से बाहर जाने के लिए यही प्रक्रिया अपनानी होगी।

## नीट पेपर लीक मामला: जमालुद्दीन को CBI ने किया गिरफ्तार

एजेंसी | हजारीबाग

0नीट पेपर लीक मामले में केंद्रीय अन्वेषण ब्यूरो (सीबीआई) की ताबड़तोड़ कार्रवाई जारी है। शनिवार (29 जून) को सीबीआई की टीम ने झारखंड के हजारीबाग से एक को गिरफ्तार किया। उसे शुक्रवार को ही पुलिस ने हिरासत में लेकर पूछताछ शुरू कर दी थी।




### ओएसिस के प्रिंसिपल और वाइस प्रिंसिपल का कराया मेडिकल

ओएसिस स्कूल के प्रिंसिपल एहसानुल हक और वाइस प्रिंसिपल इम्तियाज आलम का शनिवार को मेडिकल कराया गया। सीबीआई के सूत्रों के मुताबिक, हजारीबाग के स्थानीय शख्स का भी मेडिकल कराया जाएगा। इम्तियाज आलम नीट के इम्तहान के लिए सिटी को-ऑर्डिनेटर भी थे। प्रिंसिपल और वाइस प्रिंसिपल को शुक्रवार (28 जून) को सीबीआई ने गिरफ्तार किया था। इसके साथ ही एक स्थानीय शख्स को भी हिरासत में लेकर पूछताछ शुरू की थी। उसे आज गिरफ्तार कर लिया गया।

### नीट पेपर लीक मामले में अब तक 3 गिरफ्तार

नीट पेपर लीक केस में सीबीआई की ओर से झारखंड से की गई यह तीसरी गिरफ्तारी है। गिरफ्तार किए गए शख्स का नाम जमालुद्दीन है। इसके पहले सीबीआई की टीम ने हजारीबाग स्थित ओएसिस स्कूल के प्रिंसिपल और वाइस प्रिंसिपल को गिरफ्तार किया था। 2 लोग पटना से भी गिरफ्तार किए जा चुके हैं। नीट पेपर लीक के तार देश के अलग-अलग हिस्सों से जुड़े हैं। सीबीआई की टीमें झारखंड, बिहार के साथ-साथ गुजरात में भी जांच कर रही है।

## JDU के कार्यकारी अध्यक्ष बने संजय झा

**पटना।** जदयू के राज्यसभा में दल के नेता संजय कुमार झा पार्टी के नये कार्यकारी अध्यक्ष बनाये गये हैं। नयी दिल्ली के कंस्टीच्यूशन क्लब में शनिवार को आयोजित जदयू की राष्ट्रीय कार्यकारिणी की बैठक में इसका फैसला लिया गया। संजय कुमार झा को पार्टी का कार्यकारी अध्यक्ष बनाये जाने का प्रस्ताव मुख्यमंत्री और दल के राष्ट्रीय अध्यक्ष नीतीश कुमार की ओर से आया, जिसका सभी ने समर्थन किया। संजय झा जदयू के कार्यकारी अध्यक्ष बनने वाले वाले पहले नेता हैं। इसके पहले उन्हें राज्यसभा का सदस्य और बाद में राज्यसभा में दल का नेता मनोनीत किया गया था। लोकसभा चुनाव के बाद एनडीए की प्रमुख घटक जदयू ने अपने संगठन को धारदार बनाने की दिशा में यह नया प्रयोग किया है।

## सीएम योगी ने मेधावी छात्रों को किया सम्मानित



**लखनऊ।** मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने शनिवार को लोकभवन में आयोजित कार्यक्रम में प्रदेश के मेधावी छात्र एवं छात्राओं को सम्मानित किया। साथ ही उन्होंने ड्रेस, जूता-मोजा, स्वेटर, स्टेशनरी और स्कूल बैग की खरीद के लिए सभी छात्र-छात्राओं को 1200 रुपए की धनराशि उनके परिजनों के बैंक खाते में डीबीटी के माध्यम से अंतरण प्रक्रिया का भी शुभारंभ किया। इस दौरान सीएम योगी ने कहा,₹हम सभी की जिम्मेदारी बनती है कि कोई छात्र स्कूल से वंचित न रह जाए। हम अपनी इस जिम्मेदारी का निर्वहन करें, ये देश की सबसे बड़ी सेवा है। श्रीमद्भगवतगीता में तो किसी को शिक्षित करना सबसे पवित्र कार्य माना गया है। उन्होंने शिक्षा विभाग से जुड़े शिक्षकों और अधिकारियों से कहा कि आप उस पवित्र कार्य से जुड़े हुए है।

## डाक विभाग के सिंहभूम रीजन में बहाल 29 कर्मचारी नौकरी से बर्खास्त

**जमशेदपुर।** डाक विभाग के सिंहभूम रीजन (पूर्वी व पश्चिमी सिंहभूम और सरायकेला-खरसावां जिला) के डाकघरों में पदस्थापित 29 कर्मचारियों को तत्काल प्रभाव से नौकरी से बर्खास्त कर दिया गया है। जांच में इनकी डिग्री फर्जी पायी गयी। इनमें 20 कर्मचारी ऐसे थे, जो सिंहभूम के किसी न किसी डाकघर में वर्षों से पदस्थापित थे। नौ कर्मचारी ऐसे पाये गये, जिनकी डिग्री फर्जी थी, वे बहाल तो हुए थे, लेकिन उनकी ज्वाइनिंग नहीं हुई थी। इनकी बहाली रद्द कर दी गयी है। सिंहभूम रीजन के वरिष्ठ डाक अधीक्षक परमानंद कुमार ने इसकी पुष्टि की है। डाक विभाग के मुताबिक, जांच के दायरे में 120 लोग ऐसे हैं, जिनकी बहाली ग्रामीण डाक सेवक के रूप में हुई है। उनकी भी डिग्री की जांच की जा रही है। रिपोर्ट आने के बाद उनके खिलाफ आगे की कार्रवाई की जायेगी।

## डीवीसी के कोलियरी में अपराधियों ने की फायरिंग

एजेंसी | लातेहार

लातेहार सदर थाना क्षेत्र के तुवेद गांव मे डीवीसी द्वारा संचालित कोलियरी के कांटा घर मे शुक्रवार की रात 11।40 बजे अपराधियो ने गोली बारी की। गोली चलने से कोलयरी के काटा घर के आस-पास भगदड़ मच गई। घटना के संबंध मे मिली जानकारी के अनुसार दो मोटर साइकिल पर सवार होकर तीन अपराधी कांटा घर के पास पहुंचें और एक फायरिंग की। इसके बाद दूसरे अपराधी ने कांटा घर पर फायरिंग किया। जिससे कि एक व्यक्ति घायल हो गया। घायल व्यक्ति की पहचान आलोक साव के रूप में हुई है। इसके बाद अपराधी दो और फायरिंग करने के बाद कोयलरी परिसर से निकल गये।



### सूचना मिलने के बाद पहुंची पुलिस

घटना की सूचना कंपनी के लोगों ने सदर पुलिस को दी। सूचना मिलने पर थाना प्रभारी प्रमोद कुमार सिन्हा पुलिस बल के साथ घटना स्थल पहुंचे। उन्होंने सबसे पहले गोली लगने से घायल आलोक साव को इलाज के लिए सदर अस्पताल भेजा। यहां प्राथमिक इलाज के बाद उसे बेहतर इलाज के लिए रांची रेफर कर दिया गया है।

## कथावाचक प्रदीप मिश्रा ने नाक रगड़ कर राधा रानी से मांगी माफी

### कृष्ण को किसी और का बताया था पति

**मथुरा।** राधा रानी को लेकर दिए गए विवादित बयान के बाद कथा वाचक प्रदीप मिश्रा ने शुक्रवार को बरसाना स्थित मंदिर पहुंचकर माफी मांग ली। साधु-संतों के भारी विरोध के बाद बरसाना पहुंचे कथावाचक प्रदीप मिश्रा ने राधा रानी के सामने पहले सिर झुकाया फिर दंडवत होकर नाक रगड़ी। कथावाचक ने राधा रानी से माफी मांगते हुए कहा, उन्होंने जो कुछभी कहा है उसके लिए राधा रानी उन्हें माफ करें। राधा रानी के भक्त उन्हें माफ करें। साथ ही प्रदीप मिश्रा ने यह भी कहा कि वह अपनी हर कथा में यह कहेंगे कि उन्होंने राधा रानी के बारे में गलत शब्द कहे, जिसके लिए राधा रानी उन्हें माफ करें। इस दौरान मंदिर और परिसर में भारी संख्या में पुलिस फोर्स भी तैनात रही।



### क्या है मामला ?

बतादें कि कुछ दिन पहले कथावाचक प्रदीप मिश्रा ने राधा रानी पर विवादित बयानबाजी कर दी थी, इसके बाद श्रद्धालुओं में जबरदस्त विरोध बढ़ गया था। बीते सोमवार को लेकर ब्रज तीर्थ देवालय न्यास की ओर से गहवरवन के रास मंडप में महापंचायत भी की गई थी। इस पंचायत में साधु, संत और ब्रजवासियों ने मिश्रा को ब्रज में नहीं घुसने देने का ऐलान किया था। साथ ही कथावाचक प्रदीप मिश्रा द्वारा राधा रानी को लेकर की गई टिप्पणी के मामले में मुकदमा दर्ज कराने की आह्वान भी किया था। मुकदमा न लिखे जाने पर साधु संतों ने आंदोन की चेतावनी भी दी थी।

### राधा रानी पर क्या बोले थे प्रदीप मिश्रा ?

राधा रानी को लेकर पंडित प्रदीप मिश्रा द्वारा दिए गए बयान को लेकर साधु-संतों में जबरदस्त आक्रोश फैला है। इसके बाद पंडित प्रदीप मिश्रा बैकफुट पर आ गए और मंदिर पहुंचकर अपनी गलती स्वीकार की। पंडित प्रदीप मिश्रा का इस दौरान कई मंदिरों में भी प्रवेश बंद कर दिया गया था। दरअसल पंडित प्रदीप मिश्रा ने एक प्रवचन के दौरान कहा था कि राधा बरसाना क नहीं बल्कि रावल गांव की रहने वाली थीं। बरसाना में उनके पिता का दरबार था और वह साल में एक बार वहां जाती थीं। उन्होंने यह भी कहा था कि राधा क नाम भगवान कृष्ण की रानियों में नहीं है। उनके पति में श्री कृष्ण का नाम नहीं है। राधा के पति का नाम अनय घोष, उनकी सास का नाम जटिला और ननद का नाम कुटिला था। उन्होंने दावा किया कि राधा का विवाह छात्रा गांव में हुआ था। पंडित प्रदीप मिश्रा की इन टिप्पणियों के बाद संत समाज पूरी से भड़क गया।

## बदमाशों ने कपड़ा कारोबारी को पुल से नीचे फेंका, मौत



**पटना।** फतुहा-दनियावां एनएच 30ए पर फतुहा रेलवे ओवरब्रिज के पास बाइक सवार बदमाशों ने गुरुवार की रात कपड़ा कारोबारी को पुल के नीचे तीस फिट नीचे गड्ढे में रेलवे लाइन किनारे फेंक दिया। गंभीर रूप से घायल कारोबारी की अस्पताल में इलाज के दौरान देर रात मौत हो गई। बताया जा रहा है कि फतुहा के गोबिंदपुर मोहल्ला निवासी विजय कुमार जयसवाल स्कूटी से बकाया पैसे का तगादा करने छोटी लाइन मोहल्ला जा रहा था।

रेलवे ओवर ब्रिज के समीप एक बाइक पर सवार तीन बदमाशों ने उनकी स्कूटी में पीछे से ठोकर मार दी। ठोकर लगते हीं कपड़ा दुकानदार सड़क पर गिर गए तभी बदमाशों ने उन्हें उठाकर पुल के नीचे तीस फिट गड्ढे में रेलवे लाइन किनारे फेंक दिया। लाइन किनारे घायल हालत में पड़ा देख आसपास के लोगों ने इसकी सूचना फतुहा थाना को दी।


# व्यापार जगत

## बजट के जरिए अपनी चुनावी घोषणाओं को पूरा करने की होगी कोशिश

### युवा, रोजगार, महिला, बुजुर्ग और मध्यवर्ग पर केंद्रीय होगा वित्तीय वर्ष 2024-25 का आम बजट

एजेंसी | नई दिल्ली

आगामी आम बजट के जरिए केंद्र की भाजपा सरकार अपने चुनावी घोषणा पत्र के वादों को पूरा करने की तैयारी में है। इसको लेकर वित्त मंत्रालय के स्तर से लगातार बैठकें चल रही है। माना जा रहा है कि इस बार का बजट युवा, रोजगार, महिला, बुजुर्ग और मध्यवर्ग पर केंद्रीय होगा। इसके लिए सरकार जहां आयुष्मान भारत से पांच लाख रुपये तक मुफ्त इलाज को जारी रहेगा तो वहीं 70 वर्ष से ऊपर के बुजुर्गों को मुफ्त इलाज मुहैया करने का रास्ता भी साफ करेगी। भाजपा ने चुनाव से पहले घोषणा की थी कि आयुष्मान भारत के तहत 70 वर्ष से ऊपर के बुजुर्गों को मुफ्त में इलाज मुहैया कराया जाएगा। अब बजट के माध्यम से पैसे का आंवटन करने की तैयारी है। इस तरह सरकार अन्य जन कल्याणकारी योजनाओं का भी बजट बढ़ने पर विचार कर रही है। इस बार युवाओं के लिए रोजगार पर भी विशेष ध्यान रहेगा। आम चुनाव के नतीजे उम्मीद के मुताबिक न आने के बाद से भाजपा सरकार युवाओं को लाभांवित करने पर मंथन कर रही है। इस वर्ष के अंत में पांच राज्यों में विधानसभा चुनाव भी होने हैं, जिसमें भाजपा को लगता है कि अगर युवा वर्ग नाराज हुआ तो नुकसान उठाना पड़ सकता है। इसलिए युवाओं को रोजगार दिलाने के लिए केंद्र सरकार अपने खजाने का मुंह खोलने को तैयार है। युवाओं के लिए इंफ्रास्ट्रक्चर, निवेश, उत्पादन, उच्च मूल्य वाली सर्विस, स्टार्टअप, पर्यटन और खेल के क्षेत्र में रोजगार पैदा करने की संभावना तलाशी जा रही है। रोजगार पैदा करने वाले इन क्षेत्रों से जुड़ी परियोजनाओं में निवेश को बढ़ाने और नई परियोजनाओं को बजट के माध्यम से स्वीकृति मिलने की संभावना है।



### बड़े क्षेत्रों के जरिए रोजगार पैदा करने की तैयारी

विशेषज्ञों का मानना है कि इस बार का बजट आधारभूत ढांचे से जुड़ी परियोजनाओं को आगे बढ़ाने का होगा। इसके लिए सरकार सड़क, रेल, बंदरगाह, बिजली, ग्रीन एनर्जी, एयरपोर्ट, मेट्रो समेत अन्य क्षेत्रों से जुड़ी परियोजनाओं को लेकर बड़ी घोषणा हो सकती है। इन परियोजनाओं के जरिए रोजगार के बड़े अवसर भी पैदा होंगे। इस तरह से उत्पादन और सर्विस क्षेत्र को लेकर भी बड़ी घोषणाएं संभव है, जिसमें सबसे ज्यादा कुशल व प्रशिक्षित युवाओं की जरूरत पड़ेगी। युवा अपने दम पर कारोबार के क्षेत्र में आगे बढ़े, इसके लिए स्टार्टअप पर दी जा रही छूट को आगे भी जारी रखा जा सकता है। कुछ अतिरिक्त ऐलान भी स्टार्टअप को लेकर किए जा सकते हैं। खेल और पर्यटन से जुड़ी मदों का बजट भी बढ़ाया जा सकता है। चुनाव से पहले भाजपा ने घोषणा पत्र में युवाओं के लिए इन सभी क्षेत्रों में रोजगार के अवसर पैदा करने का वादा भी किया था।

### महिलाओं को लेकर भी बड़े ऐलान संभव

रोजगार के लिए महिला सेल्फ हेल्प ग्रुप को सेवा क्षेत्र से जोड़ने का रास्ता खुल सकता है। इससे निम्न और मध्यवर्ग की महिलाओं के लिए रोजगार के अवसर पैदा होंगे। क्योंकि सेल्फ हेल्प ग्रुप में इन्हीं वर्गों की महिलाएं सबसे ज्यादा कार्यरत हैं। महिलाओं की जन सुविधा के लिए सरकार बड़े शहरों में सार्वजनिक स्थानों पर शौचालय बनाने को लेकर भी अलग से योजना ला सकती है। वहीं, देश भर में महिलाओं के सामने सर्वाइकल कैंसर, ब्रेस्ट कैंसर और ओस्टियोपोरोसिस जैसे बीमारी की बड़ी समस्या है, जिसके लिए सरकार राष्ट्रीय स्तर पर विशेष स्वास्थ्य प्रोग्राम संचालित करने का ऐलान भी कर सकती है।

### सरकार की वित्तीय स्थिति बेहतर

जानकार मानते हैं कि इस बार सरकार की वित्तीय स्थिति काफी अच्छी है। जीएसटी समेत अन्य कर संग्रह तेजी से बढ़ रहा है। अप्रैल महीने में जीएसटी का अब तक का उच्चतम 2.10 लाख करोड़ रुपया का कर संग्रह हुआ। हालांकि इसमें मई महीने में थोड़ी गिरावट आई थी लेकिन उसके बावजूद 1.73 लाख करोड़ रुपया सरकार के खजाने में आया। इस तरह से बाकी मदों से भी सरकार की आमदनी बढ़ी है।

## देश में EV से 4 गुना ज्यादा बिक रहीं हाइब्रिड-कारें




एजेंसी | नई दिल्ली

भारत के ऑटोमोबाइल सेक्टर के ट्रेंड्स में कुछ बड़े बदलाव देखने को मिल रहे हैं। देश में लोग इलेक्ट्रिक व्हीकल (EV) से दोगुनी कीमत होने के बावजूद हाइब्रिड कारों पर भरोसा कर रहे हैं। अप्रैल-जून के बीच हाइब्रिड व्हीकल ने EV की बिक्री को पीछे छोड़ दिया है। वाहन डैशबोर्ड के डेटा के मुताबिक, देश में अप्रैल से 11 जून के बीच 7500 हर महीने के हिसाब से 15,000 ईवी बिकीं, जबकि हाइब्रिड की बिक्री 59,814 रही। प्योर इलेक्ट्रिक कारें 8 लाख रुपए से शुरू होती हैं। वहीं, हाइब्रिड कारों की कीमत 17 लाख से शुरू है। मॉर्गन स्टेनली के अनुसार, फरवरी में अमेरिका में भी EV बिक्री की तुलना में हाइब्रिड की बिक्री पांच गुना तेजी से बढ़ी है।

## सोने की कीमतों में तेजी, 10 ग्राम सोना 72,280 पर पहुंचा

एजेंसी | नई दिल्ली

सोने की कीमतों में आज यानी 29 जून को तेजी है। इंडिया बुलियन एंड ज्वेलर्स एसोसिएशन (IBJA) की वेबसाइट के मुताबिक, 10 ग्राम 24 कैरेट सोना 120 रुपए बढ़कर 72,280 रुपए हो गया है। कल इसके दाम 72,160 रुपए प्रति दस ग्राम थे। वहीं एक किलो चांदी की कीमत 90,000 रुपए पर ही बनी हुई है। हालांकि, इस महीने अब तक सोने की कीमत में 480 रुपए की गिरावट देखने को मिली है। ये 30 मई को 72,760 रुपए प्रति 10 ग्राम पर था जो अब 72,280 रुपए पर आ गया है। वहीं चांदी भी 95,500 रुपए प्रति 10 ग्राम से फिसलकर 90,000 रुपए पर आ गई है।



### 4 महानगरों में सोने की कीमत

- दिल्ली : 10 ग्राम 22 कैरेट सोने की कीमत 66,400 रुपए और 10 ग्राम 24 कैरेट सोने की कीमत 72,420 रुपए है।
- मुंबई : 10 ग्राम 22 कैरेट सोने की कीमत 66,250 रुपए और 10 ग्राम 24 कैरेट सोने की कीमत 72,280 रुपए है।
- कोलकाता : 10 ग्राम 22 कैरेट गोल्ड की कीमत 66,250रुपए और 24 कैरेट 10 ग्राम सोने की कीमत 72,280 रुपए है।
- चेन्नई : 10 ग्राम 22 कैरेट सोने की कीमत 66,850 रुपए और 10 ग्राम 24 कैरेट सोने की कीमत 72,930 रुपए है

## VI के रिचार्ज भी 20% तक महंगे

### 179 का प्लान अब 199 में मिलेगा, नई दरें 4 जुलाई से होंगी लागू




एजेंसी | नई दिल्ली

भारत के दो सबसे बड़े टेलिकॉम ऑपरेटर्स रिलायंस जियो और भारती एयरटेल के बाद वोडाफोन-आइडिया (VI) ने भी शुक्रवार 28 जून को मोबाइल टैरिफ में करीब 20% तक बढ़ोतरी की घोषणा की। कंपनी ने एक्सचेंज फाइलिंग में इस बात की जानकारी दी है। VI का अब 179 रुपए वाला सबसे सस्ता प्लान 199 रुपए में मिलेगा। इसमें 28 दिन की वैलिडिटी, अनलिमिटेड कॉलिंग और 2GB डेटा मिलता है। वहीं, 269 रुपए वाला प्लान 299 रुपए में मिलेगा। इसमें 28 दिन की वैलिडिटी के साथ अनलिमिटेड कॉलिंग और 2GB डेटा रोजाना मिलता है। नई दरें 4 जुलाई से लागू होंगी। वहीं, जियो ने कल यानी 27 जून और एयरटेल 28 जून की सुबह की नई दरों वाले प्लान्स का ऐलान किया था। इन दोनों कंपनियों के अपडेटेड प्लान्स 3 जुलाई से लागू होंगे।

## टाइटन ने बांग्लादेश में आभूषण ब्रांड तनिष्क किया पेश

**नई दिल्ली।** टाइटन कंपनी अंतरराष्ट्रीय बाजार में विस्तार योजनाओं के तहत बांग्लादेश में अपना आभूषण ब्रांड तनिष्क पेश कर रही है। बयान के अनुसार, शुक्रवार को टाटा समूह द्वारा प्रबंधित कंपनी तनिष्क ने रिदम ग्रुप के साथ इस संबंध में एक संयुक्त उद्यम समझौता किया। इसके तहत तनिष्क को बांग्लादेश के बाजार में उपलब्ध कराया जाएगा। दोनों कंपनियों के संयुक्त बयान के अनुसार, संयुक्त उद्यम की शुरुआत बांग्लादेश के नारायणगंज में विनिर्माण इकाई के उद्घाटन के साथ होगी।

## भारत बनाम दक्षिण अफ्रीका

# मजबूत स्थिति में भारतीय महिला टीम

**एजेंसी । चेन्नई**

भारतीय महिला क्रिकेट टीम और दक्षिण अफ्रीका महिला क्रिकेट टीम के बीच खेले जा रहे एकमात्र टेस्ट के दूसरे दिन भारतीय टीम ने अपनी स्थिति मजबूत कर ली है। 603/6 रन के जवाब में दूसरे दिन का खेल खत्म होने तक दक्षिण अफ्रीका ने 4 विकेट खोकर 236 रन बना लिए हैं। वह अभी भी 367 रनों से पीछे है। मैरिजान कप्प (69*) और नादिन डी क्लार्क (27*) अभी नाबाद हैं।

### ऐसा रहा दूसरे दिन का खेल

भारतीय टीम ने दूसरे दिन 4 विकेट खोकर 525 रन से आगे खेलना शुरू किया। कप्तान हरमनप्रीत कौर (69) और ऋचा घोष (86) ने शानदार अर्धशतकीय पारी खेली और भारत ने 603/6 के स्कोर पर पारी घोषित कर दी। डेल्मी टकर ने दक्षिण अफ्रीका के लिए सबसे ज्यादा 2 विकेट लिए। जवाब दक्षिण अफ्रीका के लिए सुने लुस (65) और कप्प ने अर्धशतकीय पारी खेली। हालांकि, उन्होंने 4 विकेट भी गंवाए।

### महिला टेस्ट क्रिकेट में बनाया सबसे बड़ा टीम स्कोर

जैसे ही भारत ने 575 रन का स्कोर पार किया तो उसने महिला टेस्ट में सबसे बड़े टीम स्कोर के मामले में ऑस्ट्रेलिया महिला क्रिकेट टीम को पीछे छोड़ दिया। ऑस्ट्रेलिया ने भी इसी साल दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ 575/9 का स्कोर बनाया था। इस मामले में तीसरे और चौथे नंबर पर भी ऑस्ट्रेलिया ही है। ऋचा और हरमनप्रीत ने 5वें विकेट के लिए 143 रन की शतकीय साझेदारी की, इसी कारण भारतीय टीम यह रिकॉर्ड बना पाई।



### हरमनप्रीत ने जड़ा पहला टेस्ट अर्धशतक

भारतीय टीम को तीसरा झटका लगने के बाद हरमनप्रीत बल्लेबाजी के लिए उतरी थी। वह अपनी पारी में 115 गेंदों में 4 चौकों की मदद से 69 रन बनाकर आउट हुईं। यह उनका इस प्रारूप में पहला ही अर्धशतक है। इससे पहले उनका सर्वश्रेष्ठ स्कोर 49 रन था। वह अब तक 6 मैच खेल चुकी है, जिसकी 9 पारियों में 25 की औसत से 200 रन अपने नाम कर चुकी हैं।

### ऋचा ने लगाया दूसरा टेस्ट अर्धशतक

ऋचा अपनी पारी में 90 गेंदों में 16 बेहतरीन चौकों की मदद से 86 रन बनाकर आउट हुईं। यह उनके टेस्ट करियर का दूसरा अर्धशतक रहा। उनका सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन इसी मैच में आया है।
वह अब तक 2 मैच खेल चुकी है, जिसकी 3 पारियों में 75.50 की औसत और 67.11 की स्ट्राइक रेट से 151 रन अपने नाम कर चुकी हैं। ऋचा ने साल 2023 में ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ अपने टेस्ट क्रिकेट करियर का आगाज किया था।

### कप्प और लुस की पारियों पर एक नजर

लुस ने मैच में 164 गेंद का सामना किया और 65 रन बनाकर आउट हुईं। उनके बल्ले से 6 चौके और 1 छक्का निकला। यह उनके टेस्ट करियर का पहला अर्धशतक रहा। कप्प 125 गेंद में 69 रन बनाकर नाबाद हैं। उनके बल्ले से 8 चौके निकले हैं। उन्होंने भी अपने टेस्ट करियर में सिर्फ 1 अर्धशतक लगाया है। उनका सर्वश्रेष्ठ स्कोर 150 रन रहा है। ऐसे में भारत उन्हें जल्द आउट करना चाहेगी।



### पहले दिन क्या हुआ था?

भारतीय टीम ने टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी करने का फैसला किया था। पहले विकेट के लिए स्मृति मंधाना और शफाली वर्मा ने 312 गेंदों में 292 रन की साझेदारी निभाई थी। शफाली के बल्ले से 205 रन निकले और मंधाना ने 149 रन बनाए। इन दोनों के आउट होने के बाद जेमिमा रोड्रिगेज ने मोर्चा संभाला और वह भी 55 रन बनाने के बाद आउट हुईं। टीम ने 4 विकेट खोकर 525 रन बना लिए थे।

## कोपा अमेरिका: ग्रुप डी के मैच में 4-1 की जीत से क्वार्टर फाइनल का दावा मजबूत किया, अब मुकाबला कोलंबिया से

# विनिसियस जूनियर के दम पर ब्राजील ने पराग्वे को रौंदा

**एजेंसी । लास वेगास**

नौ बार की चैंपियन टीम ब्राजील का सफर कोपा अमेरिका कप फुटबॉल में जारी है। टीम ने ग्रुप डी के मैच में विनिसियस जूनियर के दो गोल से पराग्वे को हराकर क्वार्टर फाइनल का अपना दावा मजबूत कर लिया है। अब ब्राजील चार अंक के साथ कोलंबिया के बाद ग्रुप तालिका में दूसरे स्थान पर पहुंच गया है। टीम का अगला मुकाबला कोलंबिया से है। ब्राजील को अगर-मगर के फेर के बिना अंतिम आठ में पहुंचने के लिए इस मैच को कम से कम ड्रॉ करना होगा।

**विवाद भी हुआ**

मैच के दौरान दोनों टीमों के बीच तनाव और विवाद के भी पल दिखे। इस दौरान रेफरी को पांच बार येलो कार्ड जबकि एक बार रेड कार्ड दिखाना पड़ा। मैच के 81वें मिनट में आंद्रेस कुबास को रेड कार्ड दिखाया गया जिससे पराग्वे को आखिरी कुछ मिनटों में 10 खिलाड़ियों के साथ खेलने पर मजबूर होना पड़ा।



### विनिसियस का जलवा

विनिसियस जूनियर के पहले हाफ में किए दो गोल की मदद से ब्राजील ने शनिवार को 4-1 पर पराग्वे से जीत दर्ज की। ब्राजील के लिए साविन्हो ने पहले हाफ में गोल भी किया और लुकास पाक्वेटा ने दूसरे हाफ में पेनाल्टी किक पर गोल किया। पराग्वे के लिए एकमात्र गोल उमर एल्डेरेटे ने गोल किया। विनिसियस ने 35वें मिनट में टीम का खाता खोला जबकि साबियो ने 43वें मिनट में बढ़त को दोगुना कर दिया। विनिसियस ने मध्यांतर से ठीक पहले दूसरे गोल के साथ मैच पर ब्राजील का दबदबा बना दिया। उसके बाद पाक्वेटा ने 61वें मिनट में पेनाल्टी को गोल में बदलने में कोई गलती नहीं की। अंत में एल्डेरेटे ने 81वें मिनट में पराग्वे के लिए सांत्वना गोल दागा।

### कोस्टा रिका को हरा कोलंबिया क्वार्टर फाइनल में

**ग्लेनडाले।** डेविंसन सांचेज और जॉन कोर्डोबा ने दूसरे हाफ में तीन मिनट में गोल किए जिससे कोस्टा रिका पर 3-0 से जीत के साथ कोलंबिया कोपा अमेरिका फुटबॉल के क्वार्टर फाइनल में पहुंच गया। ग्रुप डी के मैच में लुइस डाज ने 31वें मिनट में पेनाल्टी को गोल में बदल टीम को बढ़त दिलाई। सांचेज और कोर्डोबा ने दूसरे हाफ में मैच के 59वें और 62वें मिनट में गोल कर टीम की बढ़त को 3-0 कर दिया। विश्व कप क्वालीफायर 2022 में अर्जेंटीना से हारने के बाद कोलंबिया की यह 25 मैचों में यह कुल 20वीं जबकि लगातार 10वीं जीत है। टीम ने इस दौरान पांच मैच ड्रॉ खेले हैं।



### महिला हॉकी शिविर के लिए 33 संभावित सदस्यों का ऐलान

**एजेंसी । बेंगलुरु**

हॉकी इंडिया ने शनिवार को 33 सदस्यीय भारतीय महिला हॉकी टीम की घोषणा की। टीम की सदस्य एक जुलाई से 31 अगस्त तक साई बेंगलुरु में राष्ट्रीय महिला कोचिंग शिविर में हिस्सा लेंगी। टीम लंदन और एंटवर्प में एफआईएच हॉकी प्रो लीग 2023/24 सीजन के समापन के बाद लौटेगी। टीम के मुख्य कोच हरेंद्र सिंह के मार्गदर्शन में कप्तान



सलीमा टेटे और उपकप्तान नवनीत कौर के नेतृत्व में टीम ने एफआईएच प्रो लीग में अर्जेंटीना, बेल्जियम, जर्मनी और ग्रेट ब्रिटेन के खिलाफ करीबी मुकाबलों में संघर्ष किया। हरेंद्र सिंह ने कहा, हमने हाल में प्रो लीग के यूरोप चरण के लिए एंटवर्प और लंदन की यात्रा की। हालांकि परिणाम हमारे पक्ष में नहीं थे लेकिन हमने एक टीम के रूप में बहुत कुछ सीखा। कई अवसरों पर, हम अग्रणी थे और हमने कई मुकाबलों को रोमांचक बनाया। पुनर्निर्माण के शुरुआती चरणों में ये अच्छे संकेत हैं और मुझे यकीन है कि भारतीय महिला हॉकी टीम भविष्य में एक ताकत बनेगी।

### शुभंकर इटैलियन ओपन गोल्फ में संयुक्त सातवें स्थान पर



**एजेंसी । रोम**

भारतीय गोल्फर शुभंकर शर्मा शुरुआती दो दौर में एक समान 68-68 का कार्ड खेलने के बाद इटैलियन ओपन में संयुक्त सातवें स्थान पर हैं। पेरिस ओलंपिक का टिकट पक्का कर चुके शुभंकर ने दूसरे दौर में दो बोगी के मुकाबले पांच बर्डी लगाईं। इससे पहले शुरुआती दौर में उन्होंने दो बोगी के मुकाबले तीन बर्डी और एक ईगल लगाई। इस प्रतियोगिता में भाग ले रहे एक अन्य भारतीय ओम प्रकाश चौहान 72 और 71 का कार्ड खेलने के बाद कट में जगह बनाने से चूक गए।

# पंकज त्रिपाठी का पंकज झा को जवाब

पंकज त्रिपाठी की गिनती बॉलीवुड के मंझे हुए कलाकारों में होती है। वह अपने सरल स्वभाव के लिए जाने जाते हैं। उन्होंने अपने एक्टिंग करियर में एक से बढ़कर एक फिल्मों और वेब सीरीज में काम कर दर्शकों के बीच अपनी एक खास पहचान बनाई है।

अब एक बार फिर पंकज चर्चा में हैं। दरअसल, उन्होंने हाल ही में अभिनेता पंकज झा के लगाए आरोपों पर अपनी प्रतिक्रिया दी और बताया कि उन्होंने कभी अपने संघर्ष का महिमामंडन नहीं किया।



### सबसे पहले जानिए क्या बोले थे झा

झा ने पंकज पर राजनीति करने का आरोप लगाया था। उन्होंने कहा था, 'कुछ लोग किसी की चप्पल चुरा लेते हैं और कहते हैं कि वो हमारे लिए बहुत बड़े एक्टर हैं, इसलिए उनकी चप्पल चुरा ली।' दरअसल, पंकज ने अपने संघर्ष के दिनों के बारे में बताया था कि वह पटना के मौर्या होटल में काम करते थे। जब मनोज बाजपेयी वहां रुकने के लिए आए तो अपनी चप्पल भूल गए और पंकज ने वो अपने पास रख ली।

### मैंने नहीं कहा कि मैं अंधेरी स्टेशन के बाहर सोया हूं

पंकज ने इस बात पर कहा, 'मैंने कभी अपने सफर या संघर्षों का ढिंढोरा नहीं पीटा। हां, मैंने यह जरूर कहा कि मेरी पत्नी कमाती थीं, जबकि मैं काम की तलाश में रहता था। मैंने कभी नहीं कहा कि मैं अपनी कमर पर गमछा बांधा और अंधेरी स्टेशन के बाहर सोया हूं। जब हम मुंबई आए तो मेरी जिंदगी अच्छी और खुशहाल थी। मैंने कभी अपने संघर्ष को बढ़ा-चढ़ाकर बताकर इससे सहानुभूति पाने की कोशिश नहीं की।'

### मुझे कोई फर्क नहीं पड़ता- पंकज

पंकज बोले, 'मैंने बेशक ओम पुरी, इरफान खान और मनोज भाई से प्रेरणा ली है। मेरी तरह कई लोग किसी और के सफरनामा से प्रेरित हो सकता है। जरूरी नहीं कि एक्टिंग या मेरे काम की वजह से ही कोइ मुझसे प्रेरित होगा। कोई किसी भी वजह से हमारे सफर के किसी भी हिस्से से जुड़ सकता है।'
उन्होंने कहा, 'मैं उनमें से नहीं, जिसे कलाकारों की ऐसी बयानबाजी से कोई तकलीफ होगी। इस शोर से मुझे फर्क नहीं पड़ता।'





# परिवार की गरीबी के कारण नवाजुद्दीन ने नहीं की थी चौकीदारी

नवाजुद्दीन सिद्दीकी की फिल्म 'रौतू का राज' ओटीटी प्लेटफॉर्म जी5 पर दस्तक दे चुकी है। फिल्म को समीक्षकों और दर्शकों से मिली-जुली प्रतिक्रिया मिली है। इसी बीच अभिनेता लगातार अपनी फिल्म का प्रमोशन करते नजर आ रहे हैं। हाल ही में नवाजुद्दीन ने अभिनय की दुनिया में कदम रखने से पहले गरीबी की अफवाह पर चुप्पी तोड़ी। साथ ही चौकीदारी करने के पीछे का सच बताकर ट्रोल्स की बोलती बंद कर दी।
नवाजुद्दीन सिद्दीकी ने साफ कर दिया है कि उनका परिवार कभी गरीब नहीं था, उन्होंने चौकीदारी की क्योंकि वह अपने माता-पिता से पैसे उधार नहीं लेना चाहते थे। नवाजुद्दीन ने एक इंटरव्यू में कहा, 'मेरी शक्ल सूरत ऐसी थी लेकिन मैं गरीब तो नहीं था।' जब नवाज से पूछा गया कि उन्होंने चौकीदारी का काम क्यों किया था, इस पर उन्होंने कहा, 'ऐसा इसलिए क्योंकि मैं घर से पैसे नहीं लेना चाहता था क्योंकि मैं उन्हें बताए बिना अपनी पसंद का काम (अभिनय) कर रहा था।'
नवाजुद्दीन ने अपनी बात में जोड़ा, 'मेरे माता-पिता मुझे पैसे देने के लिए हमेशा तैयार रहते थे। वे कहते थे कि कुछ समस्या हो तो पैसे ले लो। आप कोई पैसा नहीं मांग रहे हैं और हम यह भी नहीं जानते कि आप क्या कर रहे हैं।' इस तरह नवाजुद्दीन ने साफ किया कि वह गरीब परिवार से ताल्लुक नहीं रखते हैं। वह अभिनय की दुनिया में अपने दम पर नाम कमाना चाहते थे। यही कारण रहा कि उन्होंने संघर्ष के दिनों में चौकीदारी कर खुद का खर्च उठाया था।

# वाशु पर 65 लाख से ज्यादा रकम बकाया



पिछले कुछ दिनों से निर्माता वाशु भगनानी और उनकी प्रोडक्शन कंपनी पूजा एंटरटेनमेंट विवादों से घिरी हुई है। बताया जा रहा है कि अक्षय कुमार और टाइगर श्रॉफ की फिल्म 'बड़े मियां छोटे मियां' सहित उनकी हालिया प्रोडक्शन फिल्मों के बॉक्स ऑफिस पर फ्लॉप होने के बाद भगनानी पर 250 करोड़ रुपये का कर्ज है। इस बीच एक नई रिपोर्ट में दावा किया गया है कि वाशु पर क्रू के सदस्यों का 65 लाख रुपये बकाया है।

वाशु पर 65 लाख से ज्यादा रकम बकाया फेडरेशन ऑफ वेस्टर्न इंडिया सिने एम्प्लॉइज (FWICE) के अध्यक्ष बीएन तिवारी ने कहा कि वाशु पर उनके साथ काम करने वाले क्रू के सदस्यों का 65 लाख रुपये से अधिक बकाया है। उन्होंने बताया कि निर्माता ने 3 फिल्मों 'मिशन रानीगंज', 'गणपत' और 'बड़े मियां छोटे मियां' के सेट पर काम करने वाले 250 से अधिक कर्मचारियों को 31.78 लाख रुपये का भुगतान नहीं किया है। 'मिशन रानीगंज' के निर्देशक टीनू सुरेश देसाई का भी 33.13 लाख रुपये बकाया है।

### जैकी भगनानी की शादी का हवाला देकर मांगा समय

पिछले साल मार्च में 'मिशन रानीगंज' के निर्देशक ने वाशु के खिलाफ लिखित शिकायत दर्ज की थी। इसमें उन्होंने निर्माता पर बकाया 33.13 लाख रुपये का भुगतान न करने का आरोप लगाया था। तिवारी ने कहा, 'फरवरी में उन्होंने IFTDA को 20 फरवरी, 2024 को एक ई-मेल के माध्यम से अपने बेटे जैकी भगनानी की शादी का हवाला देते हुए भुगतान करने के लिए समय मांगा और बाद में उन्होंने कोई जवाब नहीं दिया।

**जुलाई के अंत तक चुकानी होगी पूरी रकम**

तिवारी ने इस बात पर भी जोर दिया कि वाशु की कंपनी ने कहा है कि जुलाई के अंत तक बकाया राशि का भुगतान कर दिया जाएगा। हालांकि, अगर कंपनी ऐसा करने में विफल रहती है तो कर्मचारी उनकी किसी भी फिल्म पर काम नहीं करेंगे। तिवारी बोले, 'अपने आप वो इतने ऐशो-आराम वाली जिंदगी जी रहे हैं और अपने कर्मचारियों की मेहनत की कमाई देने के नाम पर वो बार-बार नए बहाने बना रहे हैं।'

# कपिल शर्मा की जगह लोगों को हंसाएंगे जाकिर खान?

कॉमेडी किंग कपिल शर्मा के 'द कपिल शर्मा शो' के दर्शक दीवाने हैं। सभी अपने परिवार के साथ बैठकर इस शो का लुत्फ उठाते थे। हालांकि, अब दर्शकों को टीवी पर कपिल के लौटने का इंतजार है, क्योंकि उन्हें टीवी शो बंद कर नेटफ्लिक्स से दर्शकों को हंसाना शुरू किया है।

इस बीच प्रसिद्ध स्टैंअप कॉमेडियन जाकिर खान ने अपने टीवी शो की घोषणा की है। कयास लगा रहे हैं कि वह टीवी पर कपिल की जगह लेने वाले हैं।

### 'आपका अपना जाकिर' का किया ऐलान

जाकिर ने अपने नए कॉमेडी शो का ऐलान किया है, जिसका नाम 'आपका अपना जाकिर' है। वह इस शो के जरिए टीवी की दुनिया में कदम रखने के लिए पूरी तरह तैयार हैं। यह शो सोनी टीवी पर प्रसारित होगा। निर्माताओं ने कॉमेडियन के साथ मिलकर इसका



टीजर भी साझा किया है। वीडियो को साझा करते हुए उन्होंने लिखा, 'आप देखेंगे। हम देखेंगे। सब देखेंगे 'आपका अपना जाकिर', सिर्फ सोनी एंटरटेनमेंट टेलीविजन पर। बहुत ही जल्द।

# अरविंद केजरीवाल को झटका

# CBI मामले में कोर्ट ने 14 दिन की न्यायिक हिरासत में भेजा

**एजेंसी । नई दिल्ली**

दिल्ली के CM अरविंद केजरीवाल को राउज एवेन्यू कोर्ट ने शनिवार को 14 दिन (12 जुलाई) की न्यायिक हिरासत में जेल भेज दिया। दिल्ली शराब नीति केस में CBI ने उन्हें 26 जून को तिहाड़ जेल से गिरफ्तार किया था। 3 दिन की कस्टडी के बाद आज उन्हें कोर्ट में पेश किया गया। शराब नीति केस में CBI केजरीवाल के खिलाफ भ्रष्टाचार से जुड़े मामले की जांच कर रही है। CBI ने आज सुनवाई के दौरान जस्टिस सुनैना शर्मा की अदालत से केजरीवाल की न्यायिक हिरासत की मांग की, जिसे कोर्ट ने स्वीकार कर लिया। वे पहले से ही मनी लॉन्ड्रिंग मामले में तिहाड़ जेल में हैं।




### 12 जुलाई को कोर्ट में पेश होंगे केजरीवाल

एडवोकेट ऋषिकेश कुमार ने कहा- अरविंद केजरीवाल को 12 जुलाई को अदालत में पेश किया जाएगा। हमने कोर्ट से उनकी शुगर की दवाई, टेस्टिंग किट और घर का बना खाना उपलब्ध कराने की मांग की थी। कोर्ट ने इसे स्वीकार कर लिया। 1 या 2 जून को हम जमानत याचिका दायर करेंगे।

### केजरीवाल के खिलाफ ED और CBI के अलग-अलग मामले

केजरीवाल पर दो मामले दर्ज हैं। पहला ED का, जिसमें उनके खिलाफ मनी लॉन्ड्रिंग का केस दर्ज किया गया है। ED ने केजरीवाल को 21 मार्च को गिरफ्तार किया था। दूसरा CBI का, जिसे शराब नीति में भ्रष्टाचार को लेकर दर्ज किया गया। इस केस में 26 जून को केजरीवाल को दोबारा गिरफ्तार किया गया। यह केस दिल्ली LG वीके सक्सेना की शिकायत पर दर्ज हुआ था। दोनों मामले अलग-अलग दर्ज किए गए हैं, इसलिए इनमें गिरफ्तारी भी अलग-अलग हुई है। ED केस में केजरीवाल की न्यायिक हिरासत 3 जुलाई को खत्म हो रही है।

**नीट पेपर लीक मामला**

# 'छोटी मछलियों को पकड़कर, बड़े मगरमच्छों को छोड़ा जा रहा'

## पेपर लीक को लेकर सरकार ने सुप्रीम कोर्ट में झूठ बोला : कांग्रेस




**एजेंसी । नई दिल्ली**

कांग्रेस ने मेडिकल प्रवेश परीक्षा नीट-यूजी में कथित अनियमितता को लेकर शनिवार को दावा किया कि गुजरात के गोधरा में पेपर लीक होने का मामला स्पष्ट हो चुका है। इसके बावजूद सरकार ने सुप्रीम कोर्ट में इस विषय को लेकर झूठ बोला। गुजरात प्रदेश कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष शक्ति सिंह गोहिल ने यह सवाल भी किया कि नीट मामले पर केंद्र सरकार ने चुप्पी क्यों साध रखी है?

### कांग्रेस नेता गोहिल ने आरोप लगाया



गोहिल ने गोधरा की सत्र अदालत में दायर पुलिस के एक हलफनामे का हवाला देते हुए संवाददाताओं से कहा, इसमें बताया गया है कि महाराष्ट्र, ओडिशा और बिहार समेत कई राज्यों से छात्र गोधरा में परीक्षा देने आए थे, क्योंकि यहां उनकी पहले से ही सेटिंग हो गई थी। उन छात्रों से एडवांस में पैसे और ब्लैंक चेक लिए गए। साथ ही, उनसे कहा गया कि वे नीट के लिए फॉर्म भरते समय सेंटर के लिए जय जलाराम स्कूल गुजराती मीडियम का नाम लिखें। उन्होंने दावा किया कि पहले से यह सौदा किया गया था कि जब छात्रों को दाखिला मिल जाएगा तो ब्लैंक चेक में राशि भरी जाएगी। गोहिल ने आरोप लगाया कि पेपर लीक मामले का पहला आरोपी तुषार भट्ट है, जो जय जलाराम स्कूल में पढ़ाता है। वह नीट में परीक्षा केंद्र का डिप्टी सुपरिटेंडेंट था। दूसरा आरोपी पुरुषोत्तम महावीर प्रसाद है जो इस स्कूल का प्रधानाचार्य है। इनका काम परीक्षा खत्म होते ही पेपर को बक्से में सील कर तुरंत कूरियर करना था। लेकिन इन्होंने परीक्षा खत्म होने के बाद बक्से खोलकर पेपर में सही उत्तर टिक किए और फिर बक्सों को भेजा। उनका कहना है कि इस मामले में तीन लोग और पकड़े गए हैं जिनके नाम परशुराम, विनोद आनंद, आरिफ वाहोरा हैं। इनका काम छात्रों के परिवार से पैसे लेने का था।

**गोहिल का दावा**

गोहिल ने दावा किया कि आरिफ वाहोरा वहां भाजपा के अल्पसंख्यक मोर्चे का उपाध्यक्ष है। उन्होंने सवाल किया, सरकार ने पेपर लीक मामले में सब जानते हुए भी सुप्रीम कोर्ट में झूठ क्यों बोला? पुलिस जांच में सारे सबूत सामने आने के बाद भी शिक्षा मंत्री ने क्यों कहा कि नीट में कोई धांधली नहीं हुई है। कांग्रेस नेता ने यह सवाल भी किया कि नीट पेपर लीक की जांच में सिर्फ छोटी मछलियों को पकड़कर, बड़े मगरमच्छों को क्यों छोड़ा जा रहा है?

## जजों की तुलना भगवान से करना अनुचित :सीजेआई चंद्रचूड़

**एजेंसी । कोलकाता**

मुख्य न्यायाधीश (सीजेआई) डीवाई चंद्रचूड़ ने शनिवार को कहा कि जजों की तुलना भगवान से करने की परंपरा खतरनाक है, क्योंकि जजों की जिम्मेदारी आम लोगों के हित में काम करने की है। कोलकाता में आयोजित राष्ट्रीय न्यायिक अकादमी (पूर्वी क्षेत्र) के द्वितीय क्षेत्रीय सम्मेलन में मुख्य न्यायाधीश ने कहा कि अक्सर हमें ऑनर या लॉर्डशिप या लेडीशिप कहकर संबोधित किया जाता है। जब लोग अदालत को न्याय का मंदिर बताते हैं तो इसमें एक बड़ा खतरा है। वह यह है कि हम खुद को उन मंदिरों में बैठे भगवान मान बैठेंगे।

**जजों का काम सेवा**

सीजेआई ने कहा कि जजों का काम लोगों की सेवा करना है। जब आप खुद को ऐसे व्यक्ति के रूप में देखेंगे जिनका काम लोगों की सेवा करना है तो आपके अंदर दूसरे के प्रति संवेदना और पूर्वाग्रह मुक्त न्याय करने का भाव पैदा होगा।



### विविधता के लिए संवैधानिक नैतिकता जरूरी

सीजेआई ने कहा कि भारत की विविधता को बनाए रखने के साधन के रूप में संवैधानिक नैतिकता की अवधारणाएं महत्वपूर्ण हैं। न सिर्फ सुप्रीम कोर्ट या हाई कोर्ट के जजों के लिए बल्कि जिला स्तर के जजों के लिए भी क्योंकि न्यायपालिका के साथ आम लोगों का पहला संपर्क जिले की न्याय व्यवस्था के साथ ही शुरू होता है।

किसी क्रिमिनल केस में भी सजा सुनाते समय जज संवेदना के साथ ऐसा करते हैं क्योंकि अंततः सजा इंसान को ही सुनाई जा रही है।

## दिल्ली के बाद राजकोट हवाईअड्डे का छज्जा ढहा

**एजेंसी । राजकोट**

गुजरात में राजकोट हवाईअड्डे के टर्मिनल के बाहर का छज्जा शनिवार को भारी बारिश से ढह गया। घटना में किसी के घायल होने की सूचना नहीं है। यह घटना टर्मिनल के बाहर यात्री पिकअप और ड्रॉप क्षेत्र में हुई। इससे एक दिन पहले शुक्रवार को दिल्ली हवाईअड्डे के टर्मिनल 1 पर इसी तरह की घटना में एक व्यक्ति की जान चली गई थी और कुछ अन्य घायल हो गए थे। मौसम विभाग ने अगले पांच दिनों तक गुजरात में भारी बारिश को लेकर येलो अलर्ट जारी किया हुआ है।

**दिल्ली में जानलेवा बारिश**

# अंडरपास में डूबकर तीन की मौत, अब तक 13 की गई जान

**एजेंसी । नई दिल्ली**

दिल्ली में भारी बारिश ने लोगों की परेशानियां बढ़ा दी हैं। जगह-जगह जमा पानी जानलेवा साबित हो रहा है। सिराजपुर अंडरपास के पास शनिवार को दो लड़कों की डूबकर मौत हो गई। वहीं ओखला अंडरपास से गुजरने की कोशिश कर रहे एक शख्स की मौत हो गई। इसके साथ दिल्ली में बारिश से संबंधित घटनाओं में कुल 13 लोगों की भी मौत हो गई है। मौसम विभाग की मानें तो दिल्ली में बारिश अभी थमने वाली नहीं है। आईएमडी ने अगले चार दिन तक भारी बारिश का ऑरेंज अलर्ट जारी किया है। मौसम विभाग के पूर्वानुमान ने निचले इलाकों में रहने वाले लोगों की चिंताएं बढ़ा दी हैं।



अंडरपास में भरा था 3 फुट पानी पुलिस की ओर से साझा की गई जानकारी के मुताबिक, सिरसपुर अंडरपास के पास एक 12 साल के लड़के के डूबने की सूचना 02.25 बजे पुलिस थाना बादली को मिली। इसके बाद मौके पर एक टीम को रवाना कर दिया गया। मौके पर पहुंचने पर पता चला कि मेट्रो के पास अंडरपास में करीब 2.5-3 फुट तक पानी भरा हुआ था। फायर ब्रिगेड ने तलाशी अभियान चलाया और 2 बच्चों के शव बरामद किए। इनमें से एक की पहचान जीएसडी निवासी सिरसपुर के रूप में हुई है।

### अब तक 13 की मौत

पुलिस ने बताया कि प्रथम दृष्टया यह मामला नहाने के दौरान डूबने का लग रहा है। पुलिस 174 सीआरपीसी की के तहत कार्रवाई कर रही है। राष्ट्रीय राजधानी दिल्ली में बारिश से जुड़े हादसों में 13 लोगों की मौत हो चुकी है।

### शुक्रवार को अंडरपास में दो मौतें

एक दिन पहले भी अंडरपास में भरे पानी में डूबने से दो लोगों की जान चली गई थी। पहला हादसा ओखला अंडरपास में हुआ था, जहां एक स्कूटी सवार बुजुर्ग की मौत हो गई। दूसरा हादसा आजादपुर सब्जी मंडी के पास अंडरपास में हुआ जहां नहाने गया एक युवक डूब गया।

### तीन मजदूरों और 2 युवकों की मौत

वहीं किराड़ी इलाके में शुक्रवार को लोहे के खंभे में उतरे करंट की चपेट में आकर युवक की मौत हो गई थी। रोहिणी के प्रेम नगर इलाके में एक 39 साल के व्यक्ति की बिजली के तारों के संपर्क में आने से करंट से मौत हो गई है। वसंत विहार में एक निर्माणाधीन इमारत का बेसमेंट गिरने से उसमें दबकर 3 मजदूरों की मौत हो गई है।


### न्यू उस्मानपुर में डूबे दो बच्चे

न्यू उस्मानपुर इलाके में बारिश के पानी में दो बच्चे डूब गए। पुलिस ने यह भी बताया कि उत्तर-पश्चिमी दिल्ली के शालीमार बाग इलाके में एक अंडरपास में जमा बारिश के पानी में 20 साल के एक व्यक्ति की मौत हो गई।

### एयरपोर्ट पर कैब ड्राइवर की मौत

दिल्ली एयरपोर्ट पर बारिश के बाद छत का एक हिस्सा कारों पर गिर गया था। इसमें एक कैब ड्राइवर की दबकर मौत हो गई थी। 88 वर्षों के बाद दिल्ली में जून के महीने में एक दिन में सबसे ज्यादा बारिश रिकॉर्ड की गई है।

# जयशंकर आज कतर का करेंगे दौरा



**एजेंसी । नई दिल्ली**

विदेश मंत्री एस जयशंकर रविवार को कतर की यात्रा करेंगे। इस दौरान वह कतर के प्रधानमंत्री मोहम्मद बिन अब्दुलरहमान बिन जसीम अल थानी से मुलाकात करेंगे। दोनों के बीच व्यापार, निवेश और ऊर्जा के क्षेत्रों में द्विपक्षीय सहयोग बढ़ाने के तरीकों पर चर्चा होने की उम्मीद है।

**द्विपक्षीय संबंधों के विभिन्न पहलुओं की करेंगे समीक्षा**

जयशंकर की यात्रा कतर द्वारा आठ पूर्व भारतीय नौसेना कर्मियों को रिहा करने के साढ़े चार महीने बाद हो रही है, जिन्हें अगस्त 2022 में गिरफ्तार होने के बाद मौत की सजा सुनाई गई थी। विदेश मंत्रालय ने कहा, यह यात्रा दोनों पक्षों को राजनीतिक, व्यापार, निवेश, ऊर्जा, सुरक्षा, सांस्कृतिक और क्षेत्रीय व अंतरराष्ट्रीय मुद्दों सहित द्विपक्षीय संबंधों के विभिन्न पहलुओं की समीक्षा करने में सक्षम बनाएगी। उम्मीद है कि जयशंकर और अल थानी गाजा में इजरायल के जारी सैन्य हमलों के बीच पश्चिम एशिया की स्थिति पर भी विचार-विमर्श करेंगे। बता दें कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने 14-15 फरवरी को कतर का दौरा किया था और कतर के अमीर शेख तमीम बिन हमद अल थानी से मुलाकात की थी।

## कांग्रेस समिति हार की समीक्षा को भोपाल पहुंची

**एजेंसी । भोपाल**

महाराष्ट्र के पूर्व मुख्यमंत्री पृथ्वीराज चव्हाण की अध्यक्षता वाली तीन सदस्यीय समिति मध्य प्रदेश में लोकसभा चुनाव में कांग्रेस की हार की समीक्षा करने के लिए शनिवार को भोपाल पहुंची। समिति में चव्हाण के अलावा सप्तगिरि उलाका और जिग्नेश मेवाणी शामिल हैं।

दो दिवसीय दौरे में समिति चुनाव लड़ने वाले उम्मीदवारों से वार्ता करेगी। इस बार के लोकसभा चुनाव में कांग्रेस मप्र की 29 संसदीय सीटों में से एक पर भी जीत नहीं दर्ज पाई है। प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष जीतू पटवारी ने कहा कि संगठन को मजबूत करने के लिए (जांच समिति के) निष्कर्षों के आधार पर पार्टी में बदलाव किए जाएंगे। शनिवार व रविवार की बैठक के बाद पांच व छह जुलाई को भी बैठकें होंगी। उनमें विधानसभा (चुनाव) के प्रत्याशियों और विधायकों को बुलाया जाएगा। बाद में पार्टी के जिला व ब्लॉक अध्यक्षों को बुलाया जाएगा।

**न्यूज़ ब्रीफ**

### टैंकर लॉरी से लीक हुई जहरीली गैस, आठ कॉलेज छात्र पड़े बीमार

**कन्नूर।** केरल के कन्नूर जिले के रामपुरम में एक टैंकर लॉरी से गैस लीक होने लगी। गैस लीक होने से नर्सिंग कॉलेज के लगभग 8 छात्र बीमार पड़ गए। उन्हें अस्पताल में भर्ती करवाया गया। टैंकर लॉरी से हाइड्रोक्लोरिक एसिड को दूसरे टैंकर में ट्रांसफर किया जा रहा है। मैंगलोर से कर्नाटक के एर्नाकुलम जा रहे टैंकर लॉरी से हाइड्रोक्लोरिक एसिड ली हुआ। लीकेज के बाद लॉरी को रोक दिया गया। इसके बाद गैस को दूसरे टैंकर में स्थानांतरित करने का निर्णय लिया गया। गैस निकालने के दौरान यह हादसा हुआ। कॉलेज के छात्रों को बेचैनी और सांस लेने में तकलीफ होने लगी और उन्हें परियारम मेडिकल कॉलेज और पझायंगडी तालुक अस्पताल ले जाया गया।

### आंध्र प्रदेश के पूर्व मंत्री धर्मापुरी का निधन

**हैदराबाद।** अविभाजित आंध्र प्रदेश के पूर्व कांग्रेस अध्यक्ष और पूर्व मंत्री धर्मापुरी श्रीनिवास का निधन हो गया है। धर्मापुरी श्रीनिवास को तेलंगाना के हैदराबाद स्थित आवास पर सुबह तीन बजे हार्ट अटैक आया, जिसके चलते उनकी जान चली गई। अविभाजित आंध्र प्रदेश में जब कांग्रेस पार्टी साल 2004 से 2014 तक सत्ता में रही तो धर्मापुरी श्रीनिवास राज्य सरकार में मंत्री रहे। तेलंगाना के गठन के बाद वे कांग्रेस छोड़कर साल 2015 में टीआरएस, जिसे अब बीआरएस के नाम से जाना जाता है, में शामिल हो गए थे और राज्यसभा के सदस्य भी रहे।

**लद्दाख में सैन्य अभ्यास के दौरान हादसा**

# नदी पार करते समय 5 जवान शहीद

**एजेंसी । लद्दाख**

लद्दाख से एक दुखद हादसे की खबर सामने आ रही है। यहां के दौलत बेग ओल्डी (DBO) इलाके में सैन्य अभ्यास के दौरान हादसा होने से भारतीय सेना के JCO सहित 5 जवान शहीद हो गए हैं। रिपोर्ट के मुताबिक, टैंक अभ्यास के दौरान नदी पार करते समय अचानक से नदी का जलस्तर बढ़ गया जिसमें सेना के जवान फंस गए। सुबह 3 बजे के आसपास हादसा हुआ है। कुछ जवानों की तलाश अभी भी जारी है।

### कैसे हुआ हादसा?

रिपोर्ट के मुताबिक, DBO में टैंक अभ्यास चल रहा था। इस दौरान सेना के कई टैंक यहां मौजूद थे। वास्तविक नियंत्रण रेखा (LAC) के पास T-72 टैंक द्वारा नदी पार करने का अभ्यास किया जा रहा था। तभी नदी का जलस्तर बढ़ गया और टैंक बह गया। घटना के वक्त टैंक में 5 जवान सवार थे। एक जवान को ढूंढ़ लिया गया है और बाकियों की तलाश जारी है।

### रक्षा मंत्री ने हादसे पर जताया दुख



रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने हादसे पर शोक व्यक्त किया है। उन्होंने कहा, 'लद्दाख में नदी पार कराते समय हुए दुर्भाग्यपूर्ण हादसे में भारतीय सेना के 5 बहादुर जवानों की जान जाने से मैं बहुत दुखी हूं। हम देश के लिए अपने वीर जवानों की अनुकरणीय सेवा को कभी नहीं भूलेंगे।

# बंगाल गवर्नर ने ममता के खिलाफ किया मानहानि का मुकदमा

**एजेंसी । कोलकाता**

देश में पहली बार राज्यपाल ने सीएम पर मानहानि का केस किया है। पश्चिम बंगाल के राज्यपाल सीवी आनंद बोस ने शुक्रवार को सीएम ममता बनर्जी और टीएमसी के कुछ नेताओं के खिलाफ कलकत्ता हाई कोर्ट में यह केस किया। एक दिन पहले ममता ने कहा था कि महिलाओं ने उनसे शिकायत की है कि वे राजभवन की गतिविधियों की वजह से वहां जाने से डरती हैं। राज्यपाल-सीएम में लंबे समय से खींचतान चल रही है। लोकसभा चुनाव के बीच 2 मई को राजभवन की अस्थायी महिलाकर्मी ने राज्यपाल पर छेड़छाड़ का आरोप लगाया था। ममता सरकार ने जांच पुलिस को सौंपी थी। वहीं, राज्यपाल ने राजभवन में पुलिस के प्रवेश पर रोक लगा दी। राज्यपाल ने याचिका में कहा है कि घटना राजनीति से प्रेरित थी। पुलिस ने महिला को भड़काया और वीडियो बनाने के लिए प्रेरित किया।



**गवर्नर बोस के खिलाफ यौन उत्पीड़न के दो केस**

**पहला केस:** राज्यपाल सीवी आनंद बोस पर राजभवन की महिला कर्मी ने 2 मई को यौन उत्पीड़न का आरोप लगाया। उसने मामले को लेकर हरे स्ट्रीट थाने में लिखित शिकायत दी। न्यूज एजेंसी PTI के मुताबिक, महिला का आरोप है कि वो 24 मार्च को स्थायी नौकरी का निवेदन लेकर राज्यपाल के पास गई थी। तब राज्यपाल ने बदसलूकी की। गुरुवार को फिर यही हुआ तो वह राजभवन के बाहर तैनात पुलिस अधिकारी के पास शिकायत लेकर गई।

**दूसरा केस:** राज्यपाल बोस के खिलाफ सेक्शुअल हैरेसमेंट का एक और केस सामने आया है। उन पर एक ओडिसी क्लासिकल डांसर ने दिल्ली के एक 5 स्टार होटल में यौन उत्पीड़न का आरोप लगाया। शिकायत अक्टूबर 2023 में दर्ज कराई गई थी।न्यूज एजेंसी PTI के मुताबिक, बंगाल पुलिस ने पिछले हफ्ते राज्य सरकार को जांच रिपोर्ट सौंपी है। 14 मई को मामला सामने आया है। ओडिसी डांसर ने अपनी शिकायत में बताया है कि वह विदेश यात्रा से जुड़ी दिक्कतों को लेकर राज्यपाल से मदद मांगने गई थी।

**अमरनाथ यात्रा का आगाज**

# बालटाल कैंप से रवाना हुआ 4,603 श्रद्धालुओं का पहला जत्था

**एजेंसी । जम्मू**

जम्मू-कश्मीर में हर साल आयोजित होने वाली अमरनाथ यात्रा की शुरुआत हो चुकी है। कड़ी सुरक्षा के बीच शनिवार सुबह साढ़े 3 बजे 4,603 श्रद्धालुओं का पहला जत्था बालटाल कैंप से अमरनाथ गुफा के लिए रवाना हुआ। उपराज्यपाल मनोज सिन्हा ने हरी झंडी दिखाकर पहले जत्थे को रवाना किया। इस दौरान श्रद्धालुओं के चेहरों पर भोले नाथ के दर्शन करने की खुशी साफ नजर आई और उन्होंने 'बम-बम भोले' के नारों के साथ इसका आगाज किया।



**साढ़े 3 लाख से अधिक श्रद्धालु करा चुके हैं पंजीकरण**

बता दें, अमरनाथ यात्रा के लिए हर साल बड़ी संख्या में श्रद्धालु जम्मू-कश्मीर पहुंचते हैं। अमरनाथ श्राइन बोर्ड के आंकड़ों के अनुसार, इस साल अब तक इस यात्रा के लिए साढ़े 3 लाख से अधिक श्रद्धालु पंजीकरण करा चुके हैं। इसी तरह बोर्ड ने श्रद्धालुओं की सुविधा के लिए इस बार मौके पर ही पंजीकरण की सुविधा भी उपलब्ध कराई है। इसके लिए जम्मू के शालीमार इलाके में आम लोगों और पुरानी मंडी में साधुओं के पंजीकरण शिविर लगाया है।

### 19 अगस्त तक चलेगी यात्रा

बता दें कि शनिवार को अनंतनाग में पारंपरिक 48 किलोमीटर लंबे नुनवान-पहलगाम मार्ग और गांदेरबल में 14 किलोमीटर लंबे बालटाल मार्ग से 52 दिनों तक चलने वाली यह तीर्थयात्रा शुरू हुई है। यह 19 अगस्त तक चलेगी। इस पवित्र गुफा तक पहुंचने के दोनों रास्तों पर 125 सामुदायिक लंगर स्थापित किए गए हैं और श्रद्धालुओं की मदद करने के लिए 6,000 से अधिक स्वयंसेवक तैनात किए गए हैं। सुरक्षा के पुख्ता इंतजाम किए गए हैं।

# विरुधुनगर की पटाखा फैक्ट्री में धमाका

## 3 की दर्दनाक मौत और एक घायल

**एजेंसी । सत्तूर**

तमिलनाडु के विरुधुनगर जिले के सत्तूर में शनिवार सुबह एक पटाखा फैक्ट्री में धमाका होने से 3 मजदूरों की मौत हो गई, जबकि एक अन्य घायल हो गया। सूचना पर पहुंची पुलिस ने घायल को अस्पताल में भर्ती कराया और शवों को मोर्चरी में रखवाकर उनके परिजनों को सूचना कर दी। इसी तरह अन्य पुलिसकर्मियों ने स्थानीय लोगों की मदद से आग पर काबू पाया। हादसे के कारणों का अभी खुलासा नहीं हो सका है।

**हादसे के कारणों की जांच की जा रही है- कलक्टर**

विरुधुनगर जिला कलेक्टर ने कहा, सत्तूर के पास पटाखा फैक्ट्री में सुबह अचानक विस्फोट होने से 3 लोगों की मौत हो गई, जबकि एक अन्य घायल हो गया है। घायल का अस्पताल में उपचार चल रहा है। सूचना पर पहुंची पुलिस ने स्थानीय लोगों की मदद से आग पर काबू पाया। अब धमाके के कारणों का पता लगाने का प्रयास किया जा रहा है। इसी तरह फैक्ट्री के दस्तावेजों की भी जांच की जा रही है।